2 **राजधानी**
राजधानी का अगला महापौर बनने कांग्रेस...

6 **अभिमत**
बुर्के पर बोरिस जॉनसन के पूर्वाग्रह

9 **छत्तीसगढ़**
गजराज के आतंक से थर्राया जशपुर जिला पत्थलगांव

11 **संस्कारधानी**
नगर में गणेश विसर्जन झांकी के अद्भुत नजारे

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2019 पृष्ठ-12 वर्ष-04, अंक-33 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### डायरी नहीं पहुंची कोर्ट, मंतूराम का वॉइस सैम्पल टला



**रायपुर।** अंतागढ़ उपचुनाव टेपकांड में आज मंतूराम पवार का वॉईस सैंपल नहीं लिया जा सका है। बताया गया कि अंतागढ़ टेपकांड की डायरी कोर्ट में नहीं पहुंचने के कारण उनका वॉईस सैंपल नहीं लिया जा सका। गौरतलब है कि अंतागढ़ विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर मंतूराम पवार ने नामांकन दाखिल करने के बाद वापस ले लिया था। इसके एक वर्ष बाद आए कथित ऑडियो टेप ने प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी थी। इस ऑडियो में उपचुनाव से ➢शेष पेज 8 पर

### कमल हासन भाषा के लिए जलीकट्टू से भी बड़ा आंदोलन करेंगे



**चेन्नई (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने की अपील का कई नेता विरोध कर रहे हैं। फिल्मों से राजनीति में आए कमल हासन ने सोमवार को कहा कि 1950 में देशवासियों से वादा किया गया था कि उनकी भाषा और संस्कृति की रक्षा की जाएगी। कोई शाह, सम्राट या सुल्तान इस वादे को अचानक ➢शेष पेज 8 पर

| | | |
|---|---|---|
| 39,119 सोना | ↑ | +120 |
| 51,300 चांदी | ↓ | +100 |

### इनसाइड स्टोरी

**किसान बाजार की सब्जियां अब आश्रम-छात्रावासों...**

पेज-04



**रायपुर।** राजधानी के हर चौक-चौराहे पर गली- मोहल्लों में इन दिनों सांडों का सांडराज्य बन गया है। सांड आपस में लड़ते है और आमजनों को नुकसान पहुंचाते है। लेकिन इनके नियंत्रण किसी का नहीं है। नगर निगम का अमला भी इन सांडों से आमजनों को राहत नहीं पहुंचा पा रहा है। फोटो : राजेश जंघेल

# जोगी पिता-पुत्र दोनों की जमानत याचिका खारिज

- **हाईकोर्ट में अंतागढ़ मामले में जमानत की अर्जी लगाई थी**
- **अजीत जोगी की कभी भी हो सकती है गिरफ्तारी**

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अंतागढ़ विधायक खरीद फरोख्त प्रकरण में अमित जोगी अजित जोगी पिता पुत्र दोनों की अग्रिम जमानत याचिका रायपुर कोर्ट ने ख़ारिज कर दी है। कोर्ट ने अग्रिम जमानत याचिका ख़ारिज करते हुए कड़ी टिप्पणी भी की है। चतुर्थ अतिरिक्त जिला व सत्र न्यायाधीश विवेक कुमार वर्मा ने अग्रिम जमानत याचिका ख़ारिज करते हुए आदेश में लिखा है यह प्रकरण भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला और निष्पक्ष चुनाव पर कुठाराघात प्रकृति का है। अभियोजन द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में संलग्न लिप्यंतरण से आवेदक अजित जोगी और उसके पुत्र अमित जोगी उक्त षड़यंत्र में अति महत्वपूर्ण दर्शित है।

आवेदक और उसका पुत्र षड़यंत्र की मुख्य कड़ी हैं.. इस कड़ी के अभाव में दर्शित घटना घटित होने की संभावना क्षीण हो जाती.. इसलिए इन दोनों के अग्रिम जमानत आवेदन को इस प्रकरण में अन्य अभियुक्तों के



जमानत आवेदन और उस पर आए निर्णयों के साथ नही देखा जा सकता.. अग्रिम जमानत याचिका ख़ारिज की जाती है। अजित जोगी, अमित जोगी के विरुद्ध पंडरी थाने में अंतागढ प्रकरण को लेकर अपराध क्रमांक 39/2019 दर्ज है जिसमें धारा 406,420,17(श्र),17(स्र), तथा 9-13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएँ लगाई गई है। बचाव पक्ष ने अग्रिम जमानत याचिका में सभी धाराओं से खुद को निष्प्रभावी बताया था।

# चीफ जस्टिस ने गुलाम नबी को कश्मीर जाने की इजाजत दी

## कहा- जरूरत पड़ी तो मैं खुद वहां जाऊंगा

एजेंसी ∢ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अनुच्छेद 370 हटाने के दौरान जम्मू-कश्मीर में नेताओं की नजरबंदी के खिलाफ दायर 8 याचिकाओं पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद को श्रीनगर, जम्मू, बारामूला और अनंतनाग जाने की इजाजत दी। लेकिन इस दौरान वे कोई भाषण नहीं दे सकते और न ही कोई रैली करेंगे। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने कहा कि जरूरी हुआ तो मैं खुद जम्मू-कश्मीर का दौरा करूंगा। शीर्ष अदालत ने केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन से दो हफ्ते में कश्मीर के हालात पर जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने पूछा है कि हलफनामा दाखिल कर बताएं कि राज्य में कब तक हालात सामान्य हो जाएंगे। कोर्ट ने सरकार से कहा कि जम्मू-कश्मीर में सामान्य जनजीवन सुनिश्चित करें, लेकिन इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा को भी ध्यान में रखा जाए। यह मामला काफी गंभीर है। इस मामले में



अगली सुनवाई 30 सितंबर को होगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने एमडीएमके प्रमुख वाइको की याचिका (हैबियस कार्पस) पर केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर 30 सितंबर तक जवाब मांगा है। वाइको ने याचिका में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला को 15 सितंबर को चेन्नई में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री सीएन अन्नादुरई की 111वीं जयंती में शामिल होना था। लेकिन 6 अगस्त के बाद उनसे कोई संपर्क नहीं हो पा रहा है। माकपा नेता सीताराम येचुरी की याचिका पर सीजेआई ने पूछा- आपकी पार्टी के नेता एमवाई त्रिगामी की तबियत कैसी है?

# विधानसभा के पूर्व स्पीकर ने हैदराबाद में खुदकुशी की



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कोडेला शिव प्रसाद राव ने हैदराबाद में अपने घर पर आत्महत्या कर ली। उनका शव फंदे से लटका मिला। 72 साल के राव राज्य में विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक थे। राव विधानसभा की संपत्ति चोरी को लेकर विवादों के घेरे में थे। स्थानीय पुलिस के मुताबिक राव को बसवतारकम अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनकी मौत की पुष्टि की। उनके परिवार में पत्नी शशिकला, पुत्री डॉ. विजया लक्ष्मी और दो बेटे डॉ शिव राम कृष्ण और डॉ. सत्यनारायण हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने पूर्व स्पीकर के निधन पर दुख जताया है। आंध्र प्रदेश के विभाजन के बाद राव 2014 में स्पीकर बने थे।

**दंतेवाड़ा उपचुनाव : सीएम भूपेश ने देवती कर्मा के लिए मांगा समर्थन**

# भूपेश का दंतेवाड़ा में डेरा, भाषणों में रमन सिंह पर लगातार हमले

## सभाओं में कहा- रमन आए तो उनसे पूछिए अडानी को नंदराज पहाड़ किसने दिया

पायनियर संवाददाता ∢ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोमवार को दंतेवाड़ा में दो चुनावी सभाओं को संबोधित किया. उनकी पहली सभा मेटापाल में और दूसरी नकुलनार के खेल मैदान में की. दोनों सभाओं में मुख्यमंत्री कांग्रेस प्रत्याशी देवती कर्मा के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगा। मंच से भूपेश बघेल ने डॉ रमन सिंह पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि 6 महीने में हमने ऐतिहासिक कार्य किए। धान के 2500 रुपये समर्थन मूल्य, 4000 रुपये मानक बोरे में तेंदूपत्ता खरीदी के साथ वनोपज पट्टा दिया। पूर्वती सरकार बस्तर के आदिवासियों के पैसों से स्वीमिंग पुल, कलेक्ट्रेट में लिफ्ट लगवाने का काम करती थी। आदिवासियों को लूटने का काम करती थी। हम आपकी जमीन वापस



करने का काम करते हैं। हमने दंतेवाड़ा में सुपोषित दंतेवाड़ा की शुरुआत की। बच्चों को गर्म भोजन देने का काम ➢शेष पेज 8 पर

### चावल वाले बाबा चोर वाले बाबा बन गए : लखमा

नकुलनार खेल मैदान में कवासी लखमा ने पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पहले रमन सिंह चावल वाले बाबा थे, पर अब छत्तीसगढ़ में नान घोटाला के बाद चोर बाबा बन गये है. कांग्रेस सरकार अंदुरुनी स्कूलों को जल्द उन्ही गांवों में खोलेगी. जिसे पूर्वती भाजपा सरकार ने विस्थापित कर रखा है। शिक्षामंत्री उमेश पटेल ने कहा कि दंतेवाड़ा के विकास के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की लोगों से अपील की. वहीं मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि चावल, नमक, गुड़, पौष्टिक आहार कांग्रेस की सरकार आप लोगों तक पहुंचा रही है. 6 महीने में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ऐतिहासिक निर्णय बस्तर के लिए लिये है. अब बारी आप लोगों की है।

# 82 प्रतिशत आरक्षण के विरोध में लगी याचिका स्वीकृत



**बिलासपुर।** सरकारी नौकरियों में 82 प्रतिशत आरक्षण लागू करने वाली प्रदेश सरकार को आज उस समय झटका लगा जब हाईकोर्ट ने इसके विरोध में दायर रिट पिटीशन को स्वीकार कर लिया। आरटीआई एक्टिविस्ट और याचिकाकर्ताओं में शामिल कुणाल शुक्ला, नवनीत तिवारी तथा विवेक सिंह ठाकुर ने बताया कि याचिका स्वीकार करने के बाद अब हमें उम्मीद है कि 82 प्रतिशत आरक्षण का लागू होना मुश्किल होगा. मालूम होवे कि इसी तरह मध्य प्रदेश हाईकार्ट ने भी सरकार के आरक्षण देने के फैसले पर रोक लगा दी थी जिसके बाद छत्तीसगढ़ सरकार के फैसले के खिलाफ भी याचिकाकर्ता हाईकोर्ट चले गए हैं. याचिकाकर्ताओं का कहना है कि इतना ज्यादा आरक्षण देना न्यायालय के उस फैसले का अपमान है जिसमें ➢शेष पेज 8 पर

# रायपुर समेत मुंबई, चेन्नई समेत कई स्टेशनों पर धमाकों की धमकी



*पाक आतंकियों की धमकी के बाद देशभर में रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा बढ़ाई गई*

**नई दिल्ली/रायपुर(एजेंसी)।** आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के चुनिंदा रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी है। धमकी भरा पत्र मिलने के बाद रेलवे ने अलर्ट जारी कर दिया है, वहीं स्टेशनों की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि आतंकवादी संगइन जैश ए मोहम्मद ने छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जैसे बड़े रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी है। आतंकवादी संगठन का यह पत्र रोहतक रेलवे स्टेशन के अधीक्षक को मिला है, जिसमें छत्तीसगढ़ के प्रमुख रेलवे स्टेशनों के साथ ही रोहतक, हिसार, कुरूक्षेत्र, मुंबई, चेन्नई, बैंगलुरू, जयपुर, कोटा, भोपाल सहित अन्य बड़े रलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। यह पत्र मिलते ही रेलवे प्रशासन ने इसे गंभीरता से लिया है और सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा कड़ी कर दिया है। ➢शेष पेज 8 पर



एक दिन बाद स्पष्ट हो जाएगी आरक्षण की स्थिति, पिछले दस सालों से भाजपा निगम की सत्ता से है बाहर

# राजधानी का अगला महापौर बनने कांग्रेस, भाजपा में शुरु हुई रस्साकशी

संजय पांडेय ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



साल के अंत में प्रदेश भर में होने जा रहे नगर निगमों और पालिका चुनावों की रणभेरी बज चुकी है। सरकार ने प्रदेश के सभी निगमों और पालिकाओं में नए सिरे से वार्डों का परिसीमन कर दिया है और आरक्षण के लिए लाटरी राजधानी के शहीद स्मारक भवन में मंगलवार 18 सितंबर को निकाली जाएगी। प्रदेश भर के सभी निगमों में सबसे अधिक बड़े और प्रभावशाली राजधानी के नगर निगम का महापौर बनने के लिए विपक्षी भारतीय जनता पार्टी और सत्तारुढ़ दल कांग्रेस में अभी से रस्साकशी शुरु हो गई है। एक दिन बाद जैसे ही आरक्षण की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी दावेदारों की गहमागहमी और बढ़ जाएगी। राजधानी के प्रतिष्ठित महापौर का पद पिछले 10 साल से कांग्रेस पार्टी के नेता के पास है। पिछली बार हुए चुनाव में महापौर की कुर्सी अनारक्षित घोषित हुई थी। इसमें कांग्रेस के प्रमोद दुबे भारतीय जनता पार्टी के सच्चिदानंद उपासने को बड़े अंतर से हराकर महापौर बने थे। इससे पहले 2009 में राजधानी का महापौर पद महिला अनारक्षित घोषित हुई थी जिसमें श्रीमती किरणमयी नायक ने भारतीय जनता पार्टी की प्रभा दुबे को अच्छे अंतर से हराया था। 2004 में अंतिम बार बीजेपी से सुनील सोनी बने थे महापौर निगम की सत्ता में बीजेपी का वनवास लम्बा होता जा रहा है। आखिरी बार 2004 में हुए चुनाव में सुनील सोनी को महापौर की कुर्सी हासिल हुई थी। ओबीसी के लिए आरक्षित सीट पर वर्तमान सांसद सुनील सोनी ने तब कांग्रेस पार्टी के गुरमुख सिंह होरा को पराजित किया था। इस तरह पार्टी बीते दस सालों से निगम की सत्ता से बाहर है। 2019 में होने वाले नगर निगम चुनाव में यहां कांग्रेस की चुनौती लगातार तीसरी बार अपनी सत्ता बचाए रखने की होगी तो भाजपा किसी हालत में राजधानी के महापौर पद पर कब्जा कर पालिटिकल एडवांटेज लेने की कोशिश करेगी।

राज्य में सत्तारुढ़ होने का फायदा कांग्रेस को निगम चुनावों में पहली बार ऐसा होगा जब भाजपा को प्रदेश में विपक्ष में रहते हुए चुनाव लड़ना पड़ेगा। राज्य बनने के बाद नगरीय निकायों के जितने भी चुनाव हुए उस समय भाजपा की ही प्रदेश में सरकार थी। दूसरी ओर प्रदेश की सत्ता में 15 साल बाद वापसी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हौसले बढ़े हुए है। राजधानी के कुल 70 वार्ड में से 12 वार्ड एससी एसटी और 18 वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित है बचे 40 वार्ड अनारक्षित है। दूसरी ओर रायपुर नगर निगम की आबादी अब 15 लाख तक तक पहुंच चुकी है। हाल ही में भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मिलकर नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम से कराने की मांग की है।

# शहरों में भी मोबाइल मेडिकल टीमें करेंगी लोगों का इलाज

- 2 अक्टूबर से प्रदेश के 13 नगर निगमों में शुरू होगी मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के वनांचलों और दूरस्थ इलाकों के हाट-बाजारों में मोबाइल मेडिकल टीम द्वारा किए जा रहे इलाज के अच्छे परिणाम को देखते हुए सरकार इसे शहरी स्लम क्षेत्रों में भी शुरू करने जा रही है। प्रदेश के 13 नगर निगमों के स्लम क्षेत्रों में सप्ताह में एक दिन सवेरे 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक मोबाइल मेडिकल टीम मौजूद रहकर लोगों का इलाज करेंगी. मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा कुछ जरूरी जांच के साथ ही निःशुल्क दवाईयां भी दी जाएंगी. गांधी जयंती पर आगामी 2 अक्टूबर से मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगर निगम वाले सभी जिलों के कलेक्टरों को इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 13 नगर निगमों में करीब एक लाख 71 हजार परिवार स्लम क्षेत्रों में रहते हैं। इन परिवारों के लगभग 7 लाख 80 हजार लोगों के उपचार की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए सरकार मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ ही मोबाइल मेडिकल टीम उपलब्ध करा रही है. मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के लिए शुरूआती तौर पर रायपुर नगर निगम में 3, भिलाई और कोरबा में दो-दो तथा अन्य नगर निगमों में एक-एक मोबाइल मेडिकल टीम तैयार करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने इसके लिए सर्वसुविधायुक्त जगह के चयन, आवश्यक साफ-सफाई, बिजली, पानी, फर्नीचर, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था, मोबाइल मेडिकल टीम के गठन और पर्याप्त मात्रा में दवाईयों के भंडारण के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिक से अधिक लोगों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संस्थाओं और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को जोड़ने तथा स्लम क्षेत्रों में इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए हैं। जिला कलेक्टरों को इन सभी कार्यों के लिए समन्वयक बनाया गया है।

## मुख्यमंत्री का पुतला फूंक रहे भाजयुमो कार्यकर्ता गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को सोमवार शाम पुलिस ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंकने की कोशिश में गिरफ्तार कर लिया। कार्यकर्ता पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार बूढ़ातालाब के पास धरना मैदान में एकत्रित हुए थे। इस दौरान सभी ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने सरकार पर विकास से ध्यान भटकाने और बदलापुर की राजनीति करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। नारेबाजी के बाद कार्यकर्ताओं ने पुतला जलाने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने छीन लिया और कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर लिया। पुतलादहन की कोशिश के दौरान पुलिस के साथ कार्यकर्ताओं की धक्कामुक्की भी हुई। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार पर अपने घोषणापत्र से जनता का ध्यान भटका रही है इसके लिए तरह.तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे है और बदलापुर की राजनीति के तहत विपक्ष के सभी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होने कहा कि पूरे प्रदेश में सरकार पिछले 8 महीने से काम करने का सिर्फ दिखावा कर रही है। उनके पास विकास की कोई मुद्दा नहीं है।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में नर्सिंग की छात्राओं के लिए लैंप लाइटिंग सेरेमनी का हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी धनेली में दो दिवसीय मल्हार-2019 कार्यक्रम का रंगारंग आयोजन किया गया। मल्हार-2019 के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन और मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई। एसआरयू के कुलाधिपति परम पूज्य अनंत विभूषित रविशंकर महाराज (श्री रावतपुरा सरकार) इस विशिष्ट अवसर पर मौजूद रहे। मल्हार-2019 के पहले दिन नर्सिंग के विद्यार्थियों के लिए लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। जबकि कार्यक्रम के दूसरे दिन महान इंजीनियर एम. विश्वेश्वरैया को याद करते हुए इंजीनियर्स डे मनाया गया। श्री रावतपुरा सरकार महाराज के आशीर्वाद और दिव्य प्रबोधन के साथ यूनिवर्सिटी में नर्सिंग की छात्राओं के लिए लैंप लाइटिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग प्रथम वर्ष से लेकर नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। हाथ में कैंडल पकड़कर मधुर संगीत की धुन पर लयबद्ध तरीके से चलकर सभी ने फ्लोरेंस नाइटेंगल को याद किया और उनकी तस्वीर के सामने नर्सिंग के पेशे में रहने के दौरान जीवन भर मरीजों की देखभाल करने और मरीजों के प्रति सेवाभाव रखने की संकल्प और शपथ ली। विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि श्री रावतपुरा सरकार महाराज ने शिक्षा की लौ जला कर समाज के सभी वर्गों के बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए सराहनीय प्रयास किया है। आप सभी की जिम्मेदारी है कि ईमानदारी से पढ़ाई कर लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद सुनील कुमार सोनी ने कहा कि एसआरयू में आध्यात्मिक वातावरण के बीच शिक्षा प्रदान की जा रही है।

## एपीएल राशनकार्ड के लए आवेदन जमा कराने आज अंतिम दिन

**रायपुर।** सामान्य परिवारों के लिए नये राशन कार्ड बनाने आवेदन 17 सितम्बर तक जमा होगा। सार्वभौम सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सामान्य (एपीएल) परिवारों को नये राशनकार्ड जारी करने अभियान 10 सितम्बर से शुरू किया गया है। राज्य शासन द्वारा सामान्य परिवारों के एक सदस्यीय परिवार को प्रतिमाह 10 किलो चावल, दो सदस्यीय परिवार को 20 किलो चावल प्रतिमाह एवं तीन या अधिक सदस्यीय परिवारों को 35 किलो चावल प्रतिमाह देने का निर्णय लिया गया है। सामान्य परिवारों के लिए नये राशन कार्ड बनाने आवेदन 10 सितम्बर से ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत स्तर पर तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड स्तर पर संचालित आवेदन प्राप्ति केन्द्रों में मिल रहा है ।







## नया मोटर-वाहन अधिनियम जहां लागू किया गया है वहां हाहाकार मचा हुआ है : मोहम्मद अकबर

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



राजधानी के राजीव भवन में आवास एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर जनता व कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए. इन सब के बाद मंत्री ने मीडिया कर्मियों से चर्चा भी की। चर्चा के दौरान कहा कि मोटर एक्ट व्हीकल के नए नियम के बारे में आप सब टेलीविजन में देख रहे हैं. पूरे प्रदेश क्या स्थिति है. मोटर एक्ट व्हीकल को लेकर पहले दिन से कह रहा हूं कि क्या विसंगति है। जो जुर्म करे सजा उसको होना चाहिए, लेकिन कोई नाबालिग गाड़ी चलाते हुए पकड़ा जाए और उसके माता- पिता को सजा मिले ये समझने वाली बात है। दूसरा यह है कि उसे 5 दिन के लिए लेकर जाओ और काम करवाओ, कुछ बिंदु व्यवहारिक है इसलिए विधि विभाग को परीक्षण के लिए भेजा गया है जबकि भाजपा शाषित राज्यों में इसे लागू नहीं करने की बात कही है।

### आज आएंगे छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया और डॉ चंदन यादव : त्रिवेदी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेष नितिन त्रिवेदी ने बताया की एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी एल पुनिया और प्रभारी सचिव डॉ चंदन यादव 16 सितंबर सोमवार को रात्रि 7.50 को विस्तारा की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर पहुंचेंगे। 17 सितंबर को सुबह 10:00 बजे जगदलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे और 10:40 पर जगदलपुर पहुंचकर 11:00 बजे कांग्रेस भवन जगदलपुर में आयोजित प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में भाग लेंगे। दोपहर 3 बजे कांग्रेस भवन जगदलपुर में ही चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र के जोन सेक्टर बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और रात्रि विश्राम जगदलपुर में करेंगे। 18 सितंबर बुधवार को सुबह 11:00 बजे जगदलपुर से पालनार दंतेवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे।










17 SEPTEMBER PIONEER BAZAAR 2019



















Contact for Advertisement- 7723917757, 9827146567, 9329846567, 9303902469


कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35-ए हटाये
जाने पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
मान. नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी
को जन्मदिन की ढ़ेर सारी
बधाई एवं शुभकामनाएं....
शुभेच्छु: कृष्णकांत पवार
जिला महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी, बालोद


देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
को जन्मदिवस की
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
मिलेश्वरी साहू
अध्यक्ष
नगर पालिका गरियाबंद
विनीत: समस्त भाजपा कार्यकर्ता गरियाबंद


सबका साथ सबका विकास
गढ़ने वाले भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय
श्री नरेन्द्र मोदी जी को
जन्मदिवस
की अनेकानेक
शुभकामनाओं सहित कोटि कोटि बधाई
विजय सिंहा
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बेमेतरा
महेश साहू
भाजपा मंडल अध्यक्ष, बेमेतरा
विजय सुखवानी
उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद, बेमेतरा
विकास घरडे
अध्यक्ष जिला भाजयुमो, बेमेतरा

## क्विक न्यूज

### तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर गड्ढे में फंसी



**धमतरी।** धमतरी में एक बार फिर बडा हादसा होते-होते टला। तेज रफ्तार से आती हुई बस अनियंत्रित होकर रोड किनारे गढढे मे आ घुसी। बस में सवार यात्रीयो को किसी प्रकार से चोट नही आई है। ज्ञात हो कि नेशनल हाईवे में पिछले महिने से लेकर अब.तक तीन बार हादसा हो गया। जिसमें दो व्यक्ति मृत भी हुऐ थे। बस ड्राइवरों द्वारा तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाना सामने आता है। मिली जानकारी के अनुसार महिन्द्रा ट्रेव्हल्स की बस संबलपुर पार करने के बाद जैसे से सेहराडबरी के पास पहुंची थी सामने से आ रही एक वाहन को साईड देते हुए सडक से ज्यादा नीचे उतर गई। मिट्टी होने की वजह से बस फंस गई। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है।

### नदी किनारे नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी

**धमतरी।** नगरी के वार्ड क्रमांक 15 पुरानी बस्ती में महानदी घाट पर नवजात शिशु का शव मिला।



शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नगरी टीआई एनएस ठाकुर और एसआई मुकेश पटेल टीम के साथ मौके पर पहुँचे है। नगरी पुलिस मौके पर पहुँचकर शव को कब्जे में लेकर छानबीन में जुटी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। नवजात शिशु का अंतिम संस्कार सर्व धर्म सेवा समिति ने किया।

### अंबेडकर चौक में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने रमन-जोगी का पुतला फूंका

**बलौदाबाजार।** अंबेडकर चौक में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और अजीत जोगी का पुतला फूं का। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश यदु ने कहा कि पीसीसी के निर्देश पर नान घोटाला और अंतागढ़ मामले को लेकर पुतला दहन किया गया। अंतागढ़ विधानसभा उपचुनाव में विधानसभा प्रत्याशी के खरीद फरोख्त तथा नागरिक आपूर्ति निगम के भ्रष्टाचार के मामले में शिवशंकर भट्ट के बयान में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह एवं अजीत जोगी का नाम आने से स्पष्ट हो गया, कि उक्त दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों का दोनों मामलों में संलिप्तता रही है। उक्त दोनों नेतागण द्वारा राज्य सरकार के विरूद्ध अनर्गल बयानबाजी की जा रही है। जिसके विरोध में रविवार को पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने अंबेडकर चौक में दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों का पुतला दहन किया।

# पालीथिन मुक्ति के लिए कलेक्टर-एसपी ने निकाली गई साइकिल रैली

■ सब्जी व्यवसायियों को कलेक्टर ने दी समझाइश बांटे प्लास्टिक फ्री कैरी बैग

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




धमतरी जिले को शतप्रतिशत पालीथिनमुक्त बनाने के उद्देश्य से शहर में आज सुबह कलेक्टर रजत बंसल एवं एसपी बालाजी राव के नेतृत्व में सायकल रैली का आयोजन किया गया।

सायकल रैली के दौरान कलेक्टर सहित दल के सदस्यों ने गोलबाजार तथा इतवारी बाजार के सब्जी व्यवसायियों से प्लास्टिक की प्रतिबंधित पालीथिन का उपयोग हरहाल में नहीं करने की समझाइश दी साथ ही उन्हें वैकल्पिक उपयोग के लिए कैरी बैग बांटे।आज सुबह नौ बजे सायकल रैली की शुरूआत स्थानीय पुरानी कृषि उपज मण्डी के परिसर से हुई जो सिहावा चौक घड़ी चैक गोलबाजार सदरबाजार मार्ग होते हुए नगर निगम कार्यालय के समीप इतवारी बाजार परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान कलेक्टर ने सब्जी व्यवसायियों से चर्चा करते हुए प्लास्टिक निर्मित पालीथिन के बारे में बताया कि इसके उपयोग से पर्यावरण सहित मानव जीवन को भविष्य में गम्भीर समस्याओं एवं चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने इसके दुष्परिणामों के बारे में अवगत करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग को धमतरी शहर सहित जिले में शतण्प्रतिशत बंद करके उसके विकल्प के तौर पर प्लास्टिक फ्री कैरी बैग का उपयोग करने की अपील की।

इस दौरान रैली में शामिल लोगों के द्वारा नो प्लास्टिक, नो पालीथिन लिखी हुई तख्तियों के माध्यम से जागरूक होने का प्रदर्शन भी किया गया साथ ही शहर को पालीथिनमुक्त बनाने के नारे भी लगाए गए। रैली में कलेक्टर के साथ नगर निगम के आयुक्त श्री आशीष टिकरिहा यूथ हास्टल एसोसिएशन तथा फिटलाइफ क्लब के सदस्यों सहित शहर के गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया।

# महिला मंडल की नई समिति का गठन, सरोजनी अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

नगर में संचालित पंजीकृत संस्था महिला मंडल के नए समिति का गठन पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षिका विनोदनी मिश्रा के निर्देश पर किया गया है।



सर्व सम्मति से सरोजनी रात्रे को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह आशिया खान को उपाध्यक्ष, आरती देवांगन को कोषाध्यक्ष और सविता गिरी को सचिव बनाया गया है। आमंत्रित सदस्यों में जनक साहू, भानुमति ठक्कर, जरीन खान, जैनब बी,कल्पना भाखरिया, रानी भाखरिया, भावना ठक्कर, राजश्री ठक्कर, शांति तिवारी, पुष्पा यादव, ललिता सिन्हा, ममता फुलताले, सुमन देवांगन, प्रतिभा हुमन, प्रणब उपासने, लता वर्मा, यास्मिन खान, नंदनी त्रिपाठी और साधना मिश्रा को शामिल किया गया है।

### कलेक्टर ने छात्रावास अधीक्षकों की बैठक लेकर सुनीं समस्याएं, श्रेष्ठ अधीक्षक हुए सम्मानित

# किसान बाजार की सब्जियां अब आश्रम-छात्रावासों में आएगी समूहों से भी होगा लिंकेज

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




धमतरी शहर एवं आसपास के आश्रम-छात्रावास अब किसान बाजार की सब्जियों की खुशबू से सराबोर होंगे। प्रारम्भिक तौर पर ताजी एवं हरी सब्जियों की आपूर्ति शहर के नजदीक स्थित आश्रमों एवं छात्रावासों में की जाएगी। साथ ही छात्रावासों तक सब्जियों की डिलीवरी के लिए महिला स्वसहायता समूहों का शतप्रतिशत लिंकेज भी किया जाएगा। कलेक्टर श्री रजत बंसल ने इसके लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। स्थानीय हटकेशर वार्ड स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में आज दोपहर जिले के सभी 54 आश्रमण्छात्रावासों के अधीक्षकों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वाधिक महत्वाकांक्षी सुराजी गांव योजना के तहत बा?ी के विकास एवं उससे रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की मंशा से छात्रावासों में सब्जी की आपूर्ति पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि किसान बाजार में दो काउण्टर जैविक उत्पाद वाली सब्जियों के भी खोले गए हैं जहां पूर्णतः रसायनमुक्त सब्जियां बेची जाती हैं। कलेक्टर ने किसान बाजार के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किसानों को उनकी मेहनत का पूराण्पूरा पारिश्रमिक प्रत्यक्ष तौर पर मिले और आ?तियों की मध्यस्थता को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। यानी सब्जियों का उत्पादन करने वाले किसान खुद अपनी सब्जियों का किसान बाजार में विक्रय करके सीधे तौर पर आय अर्जित करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिला स्वसहायता समूहों को किसान बाजार की विभिन्न गतिविधियों एवं प्रयोजनों से जोड़कर आय के नवीन स्त्रोत स्थापित किए जाएंगे। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों में उपलब्ध सुविधाओं सुरक्षा स्वास्थ्य विद्युत पेयजल की उपलब्धता किचन गार्डन विद्युत की आपूर्तिए सीसीटीव्ही कैमरे से निगरानी सहित शिक्षकों की उपस्थिति एवं व्यवस्थापन जैसे विषयों पर अधीक्षकों से सीधे तौर पर बातचीत की तथा उनकी समस्याएं सुनीं। साथ ही नगरी विकासखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में संचालित छात्रावासों में कम संसाधनों में बेहतर कार्य करने वाले अधीक्षकों की सराहना भी की। इस अवसर पर राजीव गांधी शिक्षा मिशन के परियोजना समन्वयक ने जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन परख कार्यक्रम के तहत शालाओं शिक्षकों एवं विद्यार्थियों व उपलब्ध संसाधनों तथा सुविधाओं की गुणवत्ता परखने के लिए 40 बिन्दुओं के आधार पर की जाने वाली समीक्षा के बारे में जानकारी दी। इसी प्रकार जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्तमान सितम्बर माह में शासन द्वारा चला जा रहे पोषण माह के संबंध में भी संक्षिप्त जानकारी दी गई।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती रेशमा खान जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.के. साहू डीआईओ श्री उपेन्द्र चंदेल सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। श्रेष्ठ अधीक्षक हुईं सम्मानित कलेक्टर श्री बंसल ने जिले में संचालित आश्रमों व छात्रावासों में समुचित व्यवस्थापन, देखभाल रखरखाव तथा विभागीय गतिविधियों व योजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय कार्य करने वाली तीन छात्रावास अधीक्षकों को प्रशस्तिण्पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

# रखरखाव के चलते पुराना सेंचुरी गार्डन हुआ बदहाल

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सदस्य कविता योगेश बाबर ने नगर निगम के कमिश्नर आशीष टिकरिहा से मुलाकात कर सेंचुरी गार्डन रमसगरी तालाब में व्याप्त समस्याओं की ओर आवेदन देकर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने अपने आवेदन में कहा कि रमसगरी गार्डन धमतरी का सबसे पुराना एवं ऐतिहासिक महत्व का तालाब है। जिसे जनता के स्वास्थ्य के हितों को ध्यान में रखते हुए तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. एनपी गुप्ता के कार्यकाल में गार्डन का स्वरूप दिया गया था। जिसमें तालाब के चारों ओर लगभग साढ़े सात सौ मीटर पाथवे का निर्माण किया गया।

पाथवे से जोडकर एक रास्ता बनाकर तलाब के बीचो बीच गार्डन बनाया गया। पानी के फाउंटेन की स्थापना की गई थी। तत्कालीन समय में गार्डन के चारों ओर सुंदर लाइट की व्यवस्था की गई थी। जिसमें वृक्षारोपण किया गया। निर्माण के ये सभी कार्य करके सुंदर गार्डन का निर्माण किया गया था। शुरू के कुछ वर्षों में गार्डन का रखरखाव अच्छा होता रहा। सुरक्षा व्यवस्था के नाम पर 3.4 सुरक्षा गार्ड चौबीसों घंटे तैनात रहते थे। लेकिन विगत 3.4 वर्षों से देखरेख के अभाव में गार्डन की स्थिति अत्यंत दयनीय और जर्जर हो चुकी है। तत्कालीन कलेक्टर सीआर प्रसन्ना को इस बारे में जिला पंचायत सदस्य कविता के नेतृत्व में गार्डन में नियमित आने वाले ग्रुप के सदस्यों के साथ जाकर उन्हें आवेदन सौंपकर गार्डन निरीक्षण का निवेदन किया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर उसी दिन शाम को प्रसन्ना ने गार्डन का निरीक्षण किया। उनके साथ तत्कालीन कमिशनर, अनुविभागीय अधिकारी धमतरी और पूरी टीम ने गार्डन का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तत्काल सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्थ करने का आदेश भी दिया था। उसके पश्चात गार्डन की टूटी दीवार के कुछ हिस्सों का मरम्मत और पेवर ब्लॉक का कार्यए शेड निर्माणए बैठने के लिए चबूतरे की व्यवस्था आदि सुविधाओं का निर्माण कर विस्तार किया गया। परंतु लाइट की उचित व्यवस्था नहीं होने एवं असामाजिक तत्वों द्वारा वहां पर अनैतिक कार्य करने एवं काउ कैचर लगाने के बाद भी जानवरों द्वारा वहां पर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिससे सेंुचरी गार्डन में स्वास्थ्य के लिए घूमने आने वाले बच्चे, बुजुर्ग, नौजवान एवं महिलाओं को अत्यंत ही कठिनाइयों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्युत की स्थिति अत्यंत खराब है। लाइटें हमेशा बंद रहती है। सुरक्षा गार्ड वहां पर कोई भी नहीं है।

# फूल आने पर ही पता चलेगा कि खेत में करगा है अथवा नहीं : उप संचालक

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

उप संचालक कृषि एमडी मानकर ने कहा है कि धान की फसल में फूल आने पर ही खेत में करगा है अथवा नहीं विषय पर अंतिम निष्कर्ष निकाला जा सकता है। अकेले पौधों के बाहरी रंग.रूप की भिन्नता से ही 'करगा' होने की पुष्टि नहीं की जा सकती । उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर के वैज्ञानिकों के हवाले से धान के खेत में करगा होने के विषय में इस आशय की जानकारी दी है। दरअसल सिमगा विकासखण्ड के ग्राम धोबनी (किरवई) के किसानों ने दामाखेड़ा सोसाइटी से लाये गए धान.बीज में करगा होने की शिकायत की थी। जिला कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने किसानों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग को जांच के निर्देश दिए थे। उप संचालक कृषि ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर विभाग हर स्तर पर करगा मामले की जांच में जुटा हुआ है। उन्होंने बताया कि जिस लॉट नम्बर का बीज सोसाइटी से किसानों को दिया गया थाए उसका 21 मई को नमूना लेकर परीक्षण कराया गया। रिपोर्ट में बीज सही पाया गया है। विगत 22 अगस्त को भाटापारा कृषि विज्ञान केंद्र के मुखिया और सीनियर साइंटिस्ट डॉण् अंगद सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक टीम धोबनी गाँव का दौरा कर खेतों का गहन निरीक्षण किया। टीम में इलाके के आरएईओ श्री उमेश वर्मा और श्री भागीरथी प्रजापति तथा किसान खोरबाहरा,मुकेश,परसराम, लीलाराम साहू और मोतीराम शामिल थे। ज्ञात हों कि इस गांव के कुछ किसानों ने दामाखेड़ा सोसाइटी से स्वर्णा प्रजाति का धान बीज लाकर खेतों में बोआई की है। पौधे के नीचले हिस्से में हल्के काले रंग होने के कारण उन्होंने करगा होने की आशंका जताई है।

### ऐतिहासिक दशहरा मैदान व क्लब को बचाने चारों तरफ हुआ वृक्षारोपण

# वरिष्ठ खेल प्रेमियों ने किया सघन वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार के वरिष्ठ खेल प्रेमियों ने ऐतिहासिक दशहरा मैदान व क्लब ग्राउंड को बचाने के लिए सघन वृक्षारोपण किया।

बलौदाबाजार का पुराना खेल मैदान जहां खेलते हुए लोग बड़े हुए और अच्छे अच्छे पदो पर पहुचे आज उन्होने बलौदाबाजार पहुचकर अपनी यादो को ताजा किया एवं अपने ऐतिहासिक खेल मैदान व क्लब ग्राउण्ड को बचाने के लिए सधन वृक्षारोपण किया। बलौदाबाजार के वरिष्ठ खेल प्रेमी पंकज यदु के नेतृत्व मे आज सधन वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। बलौदाबाजार के वरिष्ठ खिलाड़ी संतोष शुक्ला इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि के रूप उपस्थित होकर नीम का पौधा लगाकर वृक्षारोपण की शुरूवात की। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यहां से हमारी यादे जुडी हुई है बचपन मे यहां क्लब हुआ करता था जहां हमारे पूर्वज बैठकर खेल खेला करते थे तथा दशहरा मैदान जहां पर क्रिकेट कबडडी का खेल हुआ करता था आज यहां पर आकर उनका बचपन याद आ गया। आज प्र्यावरण को बचान वृक्षारोपण की सधन आवश्यकता है जिसको देखकर पंकज यदु ने एक सकारात्मक पहल की है जो कि प्रशंसनीय है और हमस ब उनके साथ है।

इस वृक्षारोपण के सुत्रधार पंकज यदु ने कहा कि इस खेल मैदान से मेरी याद जुडी है कई लोग यहां पर कब्जा करने की सोच रहे थे पर इस ऐतिहासिक धरोहर को बचाना जरूरी था। साथ ही प्र्यावरण भी जरूरी है यहां का क्लब ग्राउड जहां आज वृक्षारोपण हो रहा है इसे ये हमारे पूर्वजो की विरासत है जिसे हमे संजोकर रखना है । आज जो हम वृक्षारोपण कर रहे है यह उनकी याद मे है जिन्होने इस क्लब को बनाने मे अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया है और आज यहां पर जितने लोग भी वृक्षारोपण मे आये है इसी खेल मैदान से अपने जीवन के खेल की शुरूआत किये है उसी याद को ताजा बनाने और आने वाली पीढी को कुछ देने के लिए इसकी शुरूवात की गयी है । कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुची मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवशी ने कहा कि यह बहुत ही अच्छा कार्य हो रहा है और नगरपालिका भी इन वृक्षो को संरक्षण व बढाने के साथ पानी देने का कार्य अवश्य करेगी ताकि आपकी ये ऐतिहासिक धरोहर सुरक्षित रहे।

# छात्रों के प्रदर्शन के बाद जागा जिला शिक्षा अधिकारी




पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले के शासकीय प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय के मुख्य गेट पर छात्रों ने अपने परिजनों के साथ ताला जड़ धरने पर बैठ गए थे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी थी कि यदि समय रहते विद्यालय में अध्यापक नहीं लगाए जाते है तो अनिश्चितकालीन के लिए तालाबंदी और धरना जारी रहेगा गौरतलब है कि भेंडसर के प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों की कमी को भरने की मांग को लेकर पहले भी ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया था ग्रामीणों की बरसो पुरानी मांग को संज्ञान में लेकर जिला शिक्षा अधिकारी ने शीघ्र ही शिक्षको की नियुक्ति करने का आश्वासन दिया था इस खबर को न्यूज़ टुडे छत्तीसगढ़ ने प्रमुखता से दिखया था जिसके बाद धमतरी जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल एक शिक्षक की नियुक्ति विद्यालय में की है बाद इसके विद्यालय से ताला खोलकर पुनः छात्र छात्राओं को विद्यालय में पढ़ाई कराई जा रही है।

### साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

# ऊंच-नीचे के भेदभाव किए बिना समाज में सब बराबर : साहू

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




ग्रामीण साहू समाज भेण्ड्री के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को रविवार को परिक्षेत्र साहू समाज कोपरा के अध्यक्ष कमलेश साहू ने उनके पद की शपथ दिलाई। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाज में सब बराबर है। ऊंच.नीचे के भेदभाव किए बिना समाज विकास में सभी अपना भागीदारी निभा रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि आज का शपथ ग्रहण समारोह ही नहीं बल्कि नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए समाज सेवा का संकल्प देने का दिन है। हम सबकी जम्मेदारी है कि समाज कैसे विकास करें। यहां कोई छोटा. बड़ा या ऊंचा.नीचा नहीं है। सभी के सहयोग और सहभागिता से समाज निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ेगा। चाहे बात शिक्षा की होए आर्थिक सुदृढ़ता या फि र राजनीतिक का। समाज के लिए शिक्षा बहुत जरुरी है। शिक्षा से शिक्षित और सभ्य समाज कीपरिकल्पन की जा सकती है। शिक्षा है तो धन की कोई कमी नहीं है और अगरशिक्षा नहीं है तो अपार धन भी कोई काम का नहीं हैं। इसी तरह राजनीति में भी समाज की बढ़.चढ़कर हिस्सेदारी जरुरी है। समारोह में ग्रामीण साहू समाज के अध्यक्ष आनंद राम साहू,उपाध्यक्ष खेलू राम साहू, सचिव भोजराम साहू,कोषाध्यक्ष अंशराम, महिला उपाध्यक्ष ईश्वरी बाई साहू संगठन मंत्री पोखराज साहू, अंकेक्षक नोहर लाल साहू ने अपने पद की गोपनीयत की शपथ ली। कार्यक्रम में परिक्षेत्र साहू समाज कोपरा के सचिव टुमनलाल साहू युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष चंदन साहूए मीडिया प्रकोष्ठ संयोजक पुरेंद्र साहूए थानेश्वर साहू एवं डाण् मोती साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

# हिंदी दिवस पर बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

मां दंतेश्वरी हाई स्कूल रत्नाबांधा धमतरी में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में श्रुति लेखन कविता कहानी सुलेख स्वच्छ लेखन शुद्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं पुरस्कार प्राप्त किया जिसमें प्रथम स्थान कक्षा नौवीं की छात्रा कुमारी भूमिका ध्रुव द्वितीय स्थान पर सातवीं कक्षा की कुमारी यामिनी यादव तथा तृतीय स्थान पर कक्षा छठवीं की कुमारी संगीता साहू ने प्राप्त किया हिंदी दिवस के उपलक्ष में शाला के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने छात्रों को राष्ट्रभाषा हिंदी के महत्व से अवगत कराते हुए हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा हिंदी हमारी मातृभाषा है और भारत में सबसे अधिक बोले जाने वाली भाषा भी हिंदी है।



भारत की संविधान सभा ने 14 सितंबर 1949 को भारत गणराज्य की अधिकारिक भाषा के रूप में हिंदी को अपनाया हिंदी दिवस हमारी राष्ट्रीय भाषा के साथण्साथ हमारी संस्कृति के महत्व पर जोर देने के लिए एक महान कदम है विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती गुण कली यादव ने कहा हिंदी हिंदुस्तान की राष्ट्रभाषा ही नहीं बल्कि हिंदुस्तानियों की पहचान भी है यह भारतीयों के लिए गर्व का क्षण था जब भारत की संविधान सभा ने हिंदी को देश की अधिकारिक भाषा के रूप में अपनाया था संविधान ने वही अनुमोदित किया और देवनागरी लिपि में लिखी गई हिंदी अधिकारिक भाषा बन गई प्रत्येक वर्ष यह दिन हमें वास्तविक पहचान की याद दिलाता है और हमें अपने देश के लोगों के साथ एकजुट करता है हमें अपनी संस्कृति और मूल्यों को बरकरार रखना चाहिए हमें अपनी मातृभाषा हिंदी और संस्कृति पर गर्व है।

# मॉडर्न स्कूल प्रांगण में किया 20 स्कूलों के 20 शिक्षकों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com




अशासकीय विद्यालय संचालक कल्याण संघ ब्लॉक भाटापारा के द्वारा अशासकीय स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान मॉडर्न स्कूल प्रांगण में किया गया. जिसमें भाटापारा ब्लाक के 20 स्कूलों के 20 शिक्षकों का सम्मान मुख्यअतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य व समाजसेवी सतीश अग्रवाल के मुख्य अतिथय में किया गया।

कायक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ प्राचार्य व संचालक मॉडर्न इंग्लिश स्कूल की प्रीति तामहणे मां सरस्वती की पूजा कर विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के द्वारा अपने शिक्षकों के सम्मान के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य नाटिका और गीत प्रस्तुत किए गए. कार्यक्रम को अतिथियों ने सराहते हुए संघ को शुभकामनाएं प्रेषित की और इसे एक मील के पत्थर के रूप में स्थापित किया. प्राइवेट स्कूलों के शिक्षकों के सम्मान के लिए एक बड़ा प्लेटफार्म बताया जिन शिक्षकों का सम्मान किया गया उनमें शंकराचार्य विद्यापीठ टिकुलिया भाटापारा के सुरेश वर्मा, जेसीज कॉन्वेंट भाटापारा से कुमारी एकता सत्यवानी, मॉडर्न स्कूल से कुमारी दीपा गिन्नौरे, ज्ञानोदय शिशु मंदिर बोर्ड तारा कुमारी, तुलसी वर्मा, सरस्वती ज्ञान मंदिर महावीर वार्ड भाटापारा से डिगेस्वरी यदु, सरस्वती ज्ञान मंदिर बजरंग वार्ड से कुमारी रश्मि निर्मलकर, गुरुकुल स्कूल भाटापारा से मनमथा कुमार महतो, सेंट मैरी स्कूल भाटापारा से सुमन दास मानिकपुरी, इंडियन पब्लिक स्कूल मोपर से कुश कुमार साहू, असेंबली ऑफ गॉड पब्लिक स्कूल से बिनु रानी, फिलिप दिशा पब्लिक स्कूल संतोष तिवारी, लक्ष्य नर्सरी पब्लिक स्कूल से रमेश नवरंगे, ज्ञानोदय शिशु मंदिर देवरी से कुमारी मेघा मानिकपुरी, ध्रुव तारा विद्या मंदिर गोढ़ी से जय सिंह पटेल, मां सर्वेश्वरी विद्या मंदिर सिद्धबाबा से सुश्री गंगा यादव, स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ देवरी से दुलारी साहू, ध्रुव तारा टोनाटार से डोमेश कुमार वर्मा, किडजी स्कूल भाटापारा सकीना आजाद, महामाया विद्यालय करीबाजार से जागेश पटेल, लॉर्ड शिवा पब्लिक स्कूल से नंदिनी दिवाकर का सम्मान पुष्पगुच्छ नारियल व मोमेंटो देकर किया गया।

संघ के अध्यक्ष डॉ. बी.राघव राव ने शिक्षकों को शुभकामनाएं प्रेषित की अध्यक्षता कर रही प्रीति तामहणे ने शिक्षकों को लगन से काम करने की प्रेरणा दी कार्यक्रम में इन सभी स्कूलों के प्रबंधक संघ के सदस्य के रूप में मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव मनोज गुप्ता के द्वारा किया गया. शिक्षकों के सम्मान में प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# विवाहिता को अगवा कर सामूहिक अनाचार

**बिलासपुर।** रविवार की शाम बिल्हा मोड के समीप नवविवाहिता का अपरहण कर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीडिता की रिपोर्ट पर हिर्री पुलिस पांच आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर तलाश कर रही है। हिर्री पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रविवार 15 सितंबर की शाम 5 बजे की है। सरकंडा की रहने वाली एक 25 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को बताया कि आरोपी मोहन बंजारे उसे बार. बार फोन कर करीब 20 दिनों से परेशान कर रहा था। 15 सितंबर को उसने फोन कर बिल्हा मोड के समीप बुलाया और कहा कि इसके बाद वे दोबारा फोन नहीं करेगा। आरोपी के झांसे में आकर पीडिता शाम पांच बजे बिल्हा मोड पहुंचीए तो वहां आरोपी मोहन बंजारे व उसके साथ कुंजदासए बाउ और दो अन्य उसे बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 09ए 0798 में जबरदस्ती बैठाकर भाटापारा की ओर ले गये। रास्ते में ग्राम सिंगापुर और कोदवा के स्थित छुई खदान में उतार मोहन बंजारे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके दो साथी पीडिता के हाथ पैर को पकडे रहे तथा दो अन्य गाडी के समीप खडे रहे। इसी दौरान एक मोटर सायकल सवार को आते देख वे लोग भाग गये।

# पांच साल से कार्यरत आदिवासी युवा भृत्य को अधिकारी ने काम से निकाला, कलेक्टर से शिकायत

## भृत्य ने कहा-खाना नहीं बनाया इसलिए निकाला, ईई ने कहा-शराब पीकर आता था

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

पायनियर लगातार


एमएमजीएसवाई में ईई की कुर्सी को लेकर घमासान

बेरोजगारी के आलम में गरीब अपनी जीविका चलाने के लिए कुछ भी मजदूरी करने के लिए तैयार रहे हैं। उन्हें शासकीय या अशासकीय अदद एक नौकरी या काम की तलाश होती है। कुछ इसी तलाश में एमए पास एक आदिवासी युवक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग में कंटिजेंसी में एक भृत्य के रूप में विगत पांच सालों से कार्यरत था, जिसे वर्तमान के प्रभारी एक्जीक्यूटिव इंजीनियर एमएम पटेल के द्वारा काम से निकालते हुए बेरोजगार कर दिए जाने का मामला सामने आया है। बेरोजगार युवक काम से निकाले जाने से क्षुब्ध होकर मामले की शिकायत सोमवार को कलेक्टर के पास लेकर पहुंचा और अपनी आपबीती बताते हुए नौकरी में रखने की गुहार लगाई। ईई पटेल के द्वारा निकाले गए युवक का नाम अमृत कुमार पिता महावीर कुमार जाति उरांव है। उसने कलेक्टर को दिए शिकायत पत्र में लिखा है कि जातिगत भेदभाव की वजह से ईई पटेल ने पांच साल के काम को देखे बिना एक पल में ही मुझे काम से निकाल दिया।

### जातीय भेदभाव की शिकायत



पीड़ित अमृत कुमार ने कलेक्टर से ईई पटेल के खिलाफ शिकायत करते हुए कहा कि ईई जातीय भेदभाव करते हैं। यही वजह से है कि एक आदिवासी होने की वजह से मुझे काम से निकाल दिया गया। उसने कलेक्टर से अपना कार्य पुनः दिलाने की गुहार लगाई है।


कलेक्टर महोदय,
जशपुर जिला-जशपुर (छ.ग.)।

दिनांक- 16-09-2019

> मेरे द्वारा किसी प्रकार का जातीय भेदभाव किसी कर्मचारी से नहीं किया गया है। अमृत कुमार नियमित काम पर नहीं आता था और जब कभी आता तो वह शराब के नशे में धुत रहता था इसलिए उसे काम से निकाला गया।
> **एमएम पटेल,** ईई एमएमजीएसवाई जशपुर

### रायपुर-अंबिकापुर भेजने की सजा

पीड़ित बेरोजगार अमृत कुमार ने बताया कि ईई पटेल को जब उसने खाना बनाने से मना कर दिया तो उन्होंने काम से निकालने के बजाए सीईओ कार्यालय रायपुर या एसई कार्यालय अंबिकापुर जाने की सलाह देते हुए कहा कि वहां तुम्हें बुलाया गया। इस संबंध में अमृत का कहना है कि 8500 की अस्थाई नौकरी में बाहर जाना संभव नहीं है। इसलिए ईई ने स्पष्ट कह दिया जशपुर का काम भी छोड़ दो। अमृत ने कहा कि इतने कम मानदेय में रायपुर में काम करना संभव नहीं है।

### खाना नहीं बनाने को लेकर दंड

प्रभारी ईई पटेल के खिलाफ कलेक्टर के पास शिकायत लेकर पहुंचे एमएमजीएसवाई में काम करने वाले भृत्य अमृत कुमार ने बताया कि वह 17 दिसंबर 2015 से विभाग में कार्यरत था। उसे विभाग के तत्कालीन ईई विजय कुमार राम ने रखा था। वह ऑफिस का काम करता था और ईई राम का खाना भी बनाता था। इस दौरान उसे ईई राम अमृत को उसके मानदेय 8500 के साथ ही घर आने-जाने के लिए अलग से पेट्रोल खर्च दिया करते थे। लेकिन उनके ट्रांसफर हो जाने के बाद प्रभारी ईई पटेल के घर खाना बनाने के लिए वह सुबह 6.30 बजे जाता और उसके बाद किराए में रह रहे अपने रूम में जाता और अपने लिए खाना बनाता। इस बीच आने-जाने में उसे पेट्रोल खर्च करना पड़ता था। कुछ दिनों तक वह ऐसा करता रहा लेकिन बाद में उसे आर्थिक संकट से जूझना पड़ा, क्योंकि से जो भी मानदेय मिलता था उसे वह अपने बूढ़े-मां बाप के पास मनोरा पकरीटोली भेजता था। पेट्रोल डलाने के लिए रकम नहीं होने की वजह से उसने ईई पटेल को खाना बनाने में असमर्थतता जता दी।

# जिला अस्पताल की लचर व्यवस्था से मरीज और परिजन हो रहे परेशान, समस्याओं का लगा अंबार

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कहने को तो जिले के सबसे बड़ा 100 बिस्तर जिला अस्पताल है। किंतु स्वास्थ्य से जुड़ी लगभग सारी सुविधाओं के बावजूद यहां मरीजों का समय पर और बेहतर इलाज नही हो पा रहा हैं। जिसका बड़ा कारण अस्पताल प्रबंधन की लचर व्यवस्था और मरीजों से किया जाना दुर्व्यवहार हैं।

जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था से मरीज व उनके परिजन बेहद परेशान व हलाकान हैं। हालात यह है की परिजनों को मरीजों के समय पर और बेहतर इलाज हेतु अस्पताल प्रबंधन से तू-तू-मैं-मैं कर इलाज करवाना पढ़ रहा हैं। अस्पताल में डॉक्टर से लेकर स्टाफ नर्स, वार्ड बॉय तक सभी का व्यवहार मरीजों से अच्छा नही हैं। यहां तक के सिविल सर्जन श्रीमाली भी मरीजों से अक्सर दुर्व्यवहार करते नजर आते हैं। यह शिकायत अस्पताल पहुच रहे हर उस मरीज और परिजनों की जो अस्पताल प्रबंधन की लचर व्यवस्था से दुखी व परेशान हैं। यह बताना लाजिमी हैं कि यह कोई पहली बार नही हैं जब जिला अस्पताल में मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पढ़ रहा हैं। अस्पताल की चरमराई व्यवस्था व अस्पताल प्रबंधन का मरीजों से दुर्व्यहार किए जाने को लेकर ऐसा लगता है कि उन्हें ही इलाज की जरूरत हैं।





बालोद जिला अस्पताल में मरीज का समय पर इलाज नहीं होने से हुआ जमकर हंगामा

### जिला अस्पताल में हो रही लगातार समस्या को लेकर कलेक्टर से शिकायत

नगर के युवाओं ने जिला अस्पताल में हो रही समस्याओं को लेकर कलेक्टर श्रीमती रानू साहू से लिखित में शिकायत की हैं। शिकायत में कहा गया हैं कि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के खिलाफ शिकायत करते थक चुके हैं। उनकी लापरवाही और दुर्व्यवहार कम होने का नाम नही ले रही हैं। युवाओं ने शिकायत में आगे बताया कि एक ओर जहां जिला प्रशासन स्वास्थ्य सुविधा के लिए बार-बार प्रयासरत हैं। तो वही जिला अस्पताल के प्रभारी व सिविल सर्जन श्रीमाली अपने मनमानी और तानाशाही तरीके से जिला अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। युवाओं ने अस्पताल स्टॉफ पर शराब के नशे में इलाज करने का भी आरोप लगाया हैं। शिकायतकर्ताओं में वैभव शर्मा, देवेंद्र साहू, इकबाल खान, चीकू कौशिक, आशुतोष कौशिक, देवा मंडावी, हरीश, मनीष साहू, दीपक जसवानी, रियाज खान, राहुल सोनी, लक्की सिन्हा, पीयूष साहू, शेख यादव, प्रदीप साहू, मोनू यादव व रवि पटेल थे।

## क्विक न्यूज

### भ्रष्टाचार के मामले में जिला उप पंजीयक निलंबित

**बेमेतरा।** अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग के अवर सचिव सुनील विजयवर्गीय ने जिले के उप पंजीयक एस के तिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 13 सितंबर को सुनील विजयवर्गीय अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन सहकारिता विभाग ने जिले में पदस्थ उप पंजीयक एसके तिग्गा सहकारी संस्थान बेमेतरा को कार्य के प्रति अनुशासनहीनता आर्थिक अनियमितता एवं भ्रष्टाचार की शिकायत पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील 1966 के नियमों के नौ के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है निलंबन की अवधि के दौरान उनका मुख्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी सेवा दुर्ग को रखा गया है।

### जनपद सदस्य पर कार्रवाई की मांग, देवरी खुर्द के ग्रामीण कलेक्टर के पास पहुंचे

**बिलासपुर।** देवरीखुर्द स्थित मंगल विहार फेस वन कॉलोनी के अध्यक्ष मिथिलेश सिंह वह पूर्व जनपद सदस्य इशहाक के समर्थन मंत मंगल विहार फेस 1 कॉलोनी वासियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौपा हैं कालोनी वासियों ने मांग की है कि झूठा आरोप लगाकर सामाजिक छवि खराब करने वाले राजेश शेंडे व रविन्द्र बरगाह के खिलाफ कठोर कारवाई की जाए। ज्ञापन सौपने आए लोगो ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा जबरन आरोप लगाया गया है जो निराधार हैं केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करने की दृष्टि से उन पर लगाए गए इसी बात को लेकर मंगल विहार फेस वन के 50 से अधिक लोगों ने कलेक्टर कार्यालय पहुच कर पूरे मामले से अवगत कराया इसके अलावा कॉलोनी वासियों मामले की एक प्रति कलेक्टर के जनदर्शन जमा कराई है।

# अपने परिजन की अस्थियां लेने शमशान घाट गया युवक बह गया नदी में

## दो दिन बाद इस हालत में एनीकट में फंसा मिला शव

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



अपने परिजन के मृत्यु के बाद युवक अस्थि लेने शमशान घाट गया था। जहां नदी में किनारे जाने के बाद युवक का पैर फिसलने से युवक नदी की तेज बहाव में बह गया। आज दो दिन बाद युवक का शव घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर एक एनीकट में फंसा हुआ मिला।

### साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन असफल रहे

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, दो दिन पहले आडका छेपड़ा निवासी सूरज मारकंडे अपने किसी परिजन की अन्येष्टि कार्यक्रम के बाद चिता से अस्थि चुनने गया हुआ था। उसी समय अस्थि चुनने के बाद नदी के किनारे गया वहीं अचानक युवक का पैर फिसल गया और युवक सीधे नदी में चला गया। वहां मौजूद बाकी साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन असफल रहे।

### पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया

वहीं इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, पुलिस के गोताखोरों की टीम ने दो दिन के मशक्कत के बाद युवक के शव को घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर जोदंरापदर गांव पर बने एनिकट में फंसा हुआ मिला। जिसे गोताखोरों ने निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



**तिल्दा नेवरा।** परम्परागत जड़ी बूटी एवंम वैकल्पिक चिकित्सा प्रशिक्षण का समारोह पूवर्क आज शुभारम्भ किया गया ।इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन प्रयोग समाज सेवी संस्था ,तिल्दा नेवरा द्वारा किया जा रहा है। प्रयोग समाज सेवी संस्था के सचिव अरूण कुमार,कार्यक्रम के समन्वयक वैध एच. डी गाधीं और मुख्य प्रशिक्षक गजेन्द्र गुप्ता ने महात्मा गांधी के शैल चित्र पर माल्यापर्ण कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभांरभ किया।संस्था के अध्यक्ष सीताराम ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह कार्यक्रम परम्परागत ,जड़ी बुटी एवं वैकल्पिक चिकित्सा को मुख्य धारा मे लाने का संस्थागत प्रयास है मुख्य प्रशिक्षक गेजन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम की पृष्ठभूमि पर जानकारी देते हुये बताया कि 1978 में अल्मा आठा धोषणा में प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा को परिभाषित किया गया।और सन् 2000 तक सभी के स्वास्थ्य के लक्ष्य पर कार्य प्रारंभ किया गया।आल्मा आठा धोषणा के 40 वर्ष के बाद वर्ष 2018 में द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 2030 तक सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज और सतत विकाश लक्ष्यों को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया।

# चोरी के 3 मामलों के आरोपी जेवरात सहित गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



घर में घुसकर आलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, मोबाईल फोन एवं अन्य सामग्री अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट अरूण साहू, पुरूषोत्तम रजक एवं नीलाराम साहू ग्राम पथर्रा एवं कठिया ने दर्ज कराया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह ठाकुर ने थाना क्षेत्र में हो रही अपराध पर अंकुश लगाने एवं आरोपी पतासाजी व त्वरित कार्यवाही कर आरोपी की धर पकड़ करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये थे। जिसके तहत अति. पुलिस अधीक्षक विमल कुमार बैस एवं पुलिस अनु. विभागीय अधिकारी राजीव शर्मा के द्वारा थाना बेमेतरा प्रभारी को दिये गये निर्देश के परिपालन पर अपने थाना स्टाफ एवं रक्षित केन्द्र के बल के साथ त्वरित कार्यवाही कर आरोपी की धर पकड़ करने के लिये मार्गदर्शन दिए गये। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए आरोपी की लगातार पतासाजी के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर वार्ड नं 10 सिमगा पानी टंकी के पास रहने वाले मोह.इमरान खान को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ किया। जिस पर आरोपी ने अपराध स्वीकारते हुए बताया कि ग्राम पथर्रा एवं कठिया में 3 जगह चोरी करना बताया। आरोपी मोह. इमरान खान पिता स्व.मोह.यूनूस खान (23) वार्ड नं 10 पानी टंकी के पास सिमगा जिला भाटापारा बलौदाबाजार के निशादेही पर छुपाकर रखे सोने चांदी के जेवरात 01 सोनी कंपनी का कैमरा, 01 जोड़ चांदी का पायल, 02 नग चांदी का करधन,एक नग सोने का मध्यम साइज का लाकेट, एक सोने का छोटे साईज का लाकेट,एक जोड़ सोने का टाप्स, एक मोबाईल, एक नग चांदी का करधन, एक जोड़ी सोने का झुमका,एक सोने का लाकेट, एक जोड़ी चांदी का लच्छा, तीन जोडी चांदी का पायल, एक जोडी बिछिया,एक नग चांदी का अंगूठी, एक माईक्रो मैक्स मोबाइल, एक नग चांदी का लच्छा, सोने का गेहूं दाना, सोने का लाकेट, सोने चांदी का अन्य आभूषण अनुमानित कुल कीमत 1 लाख 30 हजार रूपये को बरामद किया गया।

# कांग्रेसियों ने किया पूर्व दो मुख्यमंत्री का पुतला दहन



**शिवरीनारायण।** कांग्रेस कार्यकत्ताओं ने पूर्व दो मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया । नान घोटाले और मंतूराम टेप कांड़ के मामले में नगर के कांग्रेस कार्यकत्ताओं ने 15 सितम्बर को केरा चौंक मे काफी संख्या मे एकत्रित होकर छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व दो मुख्यमंत्री डां. रमन सिंह एवं अजीत जोगी का पुतला दहन किया। पुतला दहन से पूर्व कांग्रेस कार्यकत्ताओं ने दोनो पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारे बाजी किया उसके उपरान्त दोनो पुतला को आग के हवाले कर इस दौरान वहां पर उपस्थित पुलिस बल ने दोनो पुतला को आग से बचाने का प्रयास किया लेकिन वे असफल रहे।

## सीपत स्टेशन प्रमुख श्री पद्मकुमार राजशेखरन, मुख्य महाप्रबन्धक (सीपत) की गरिमामयी उपस्थिति रही

# एनटीपीसी सीपत में हिंदी दिवस पर रंगारंग अखिल भारतीय कवि-सम्मेलन

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com





एनटीपीसी सीपत के राजभाषा अनुभाग द्वारा 14 सितम्बर 2019 को सायं 8 बजे से हिंदी पखवाड़े एवं हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक अखिल भारतीय कवि-सम्मेलन का आयोजन परियोजना के नवनिर्मित कलानिकेतन में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सीपत स्टेशन प्रमुख श्री पद्मकुमार राजशेखरन, मुख्य महाप्रबन्धक (सीपत) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ-ही संगवारी महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती कमला पद्मकुमार, श्री अनिल कुमार चैधरी, महाप्रबन्धक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), कमलेश सोनी, महाप्रबन्धक (प्रचालन), श्री जे.एस.एस. मूर्ति, महाप्रबन्धक (अनुरक्षण), के. श्रीलता, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन) सहित सीपत संगवारी महिला समिति के अन्य पदाधिकारीगण, सीपत परियोजना के कर्मचारी एवं उनपके परिवारजन एवं अन्य आगन्तुक बडी संख्या में उपस्थित थे । कवि-सम्मेलन के आमन्त्रित कवियों में पद्मश्री डा. सुरेन्द्र दुबे (रायपुर) गीतकार डा. विष्णु सक्सेना (अलीगढ़), हास्य कवि श्री सुदीप भोला (जबलपुर), ओज के कवि श्री अनिल मिश्र 'तेजस्व' (झाँसी) और कवयित्री सुश्री गौरी मिश्रा (नैनीताल) थे। सर्वप्रथम श्रीगणेशजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं गणेश-वन्दना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कवि-सम्मेलन सुश्री गौरी मिश्रा द्वारा सरस्वती-वन्दना की प्रस्तुति से आरम्भ हुआ। हास्य कवि श्री सुदीप भोला ने अपने गीतों व पैरोडी के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया। ओज के कवि श्री अनिल मिश्र 'तेजस्व' ने अपने देश-भक्तिपूण वीररस के छन्दों से लोगों में जोश भर दिया। कवयित्री सुश्री गौरी मिश्रा ने अपने मधुर गीतों से कार्यक्रम में समा बाँध दिया। गीतकार डा. विष्णु सक्सेना के मीठे एवं भावुक कर देने वाले गीतों का लोगोंं ने खूब आनन्द लिया। कवि-सम्मेलन का संचालन कर रहे वरिष्ठ हास्य कवि पद्मश्री डा. सुरेन्द्र दुबे ने अपनी हिंदी व छत्तीसगढ़ी चुटीली पंक्तियों से सबको हँसने पर विवश कर दिया।

# नवविवाहिता ने की फांसी लगाकर की आत्महत्या

पायनियर संवाददाता ➤ सरसींवा
www.dailypioneer.com

ग्राम खम्हरिया निवासी नवविवाहिता महिला श्रीमती देव कुमारी साहू पति हेमलाल साहू 19 वर्ष ने आत्महत्या कर ली जिस पर मृतिका के मायके पक्ष ने लड़का पक्ष पर दहेज की मांग कर हत्या करने का आरोप लगाया है। स्थानीय थाना से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 12 सितंबर को थाना अंतर्गत ग्राम खम्हरिया निवासी रोहित साहू के पुत्रवधू देव कुमारी पिता पति हेमलाल साहू 19 वर्ष ने घर के ही अपने कमरे के लकड़ी के मियार पर स्वयं के साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। थाना सरसीवा द्वारा लाश का पंचनामा पश्चात पीएम हेतु बिलाईगढ़ भेजने के बाद वापस लाकर लाश परिजनों को सौंप दिया गया था। और मार्ग कायम कर जांच में ले लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मृतिका श्रीमती देव कुमारी साहू पिता सुंदरलाल जोकि मूलतः ग्राम अमलीडीपा (सारंगढ) निवासी थे। जिन्हें बचपन से ही नाना त्रिभुवन साहू खम्हरिया थाना सरसीवा निवासी द्वारा पालपोस कर बड़ा किया था। और इस बीच गांव खम्हरिया के ही 21 वर्षीय लड़के पति हेमलाल साहू के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। तब दोनों पक्ष के सहमति से चार माह पूर्व हिन्दू रीति रिवाज से दोनों का विवाह हो गया।

## संपादकीय

# आंध्र में राजनीतिक टकराव, भाजपा को लाभ मिलने की उम्मीद

**क्या** क्षेत्रीय पार्टियां सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा जारी केन्द्रवादी एक-भारत विमर्श में स्वयं को खतरे में महसूस करती हैं? क्षेत्रीय पार्टियों के प्रभाव वाले राज्यों में भाजपा उनको एक दूसरे के खिलाफ खड़ा कर रही है। इसका हालिया उदाहरण चंद्रबाबू नायडू की तेदेपा व जगन मोहन रेड्डी की वाईएसआर कांग्रेस के बीच जारी टकराव है। नायडू ने विपक्षी गठबंधन तथा केन्द में गठबंधन सरकार पर दांव लगाया था। हालांकि, मोदी का जादू चलने के बाद वे भाजपा-नीत राजग से हट गए थे, लेकिन कुछ लोगों को उम्मीद थी कि यदि कुछ राजनीतिक स्पेस मिले तो वे फिर उसमें शामिल हो सकते हैं। इसी कारण जगन मोहन की तरह तेदेपा ने भी अनुच्छेद 370 समाप्त करने का समर्थन किया था। भाजपा जगन मोहन के मुकाबले में उनका प्रयोग कर सकती है। हालांकि जगन मोहन से भाजपा की थोड़ी निकटता है, लेकिन उसकी बढ़ती संख्या राज्य में भाजपा की प्रगति में बाधा है। जगन मोहन को याद है कि उनके पिता वाईएसआर रेड्डी के निधन के पश्चात पैदा राजनीतिक टकराव ने तेलंगाना गठन को गति दी थी। अतीत में सीबीआई द्वारा दर्ज आय से अधिक संपत्ति का मामला तलवार की तरह उनके सिर पर लटका है और इसी कारण वे केन्द्र के पक्ष में हैं। यदि जगन मोहन अपने पिता या नायडू की तरह अपनी विरासत बनाना चाहते हैं तो उनको 'साइबराबाद' की आईटी क्रान्ति याद रखते हुए बदले की राजनीति से दूर रहना चाहिए। गुंटूर में रैली के पहले नायडू व उनके बेटे नारा लोकेश की हिरासत ने तेदेपा को राजनीतिक प्रासांगिकता प्रदान की है। वे स्वयं को पीड़ित की तरह पेश कर रहे हैं। यदि दोनों नेता भाजपा को उसका खेल खेलने देते हैं तो दोनों को नुकसान होगा।

बदले की राजनीति ने आंध्र प्रदेश तथा उसकी जीडीपी को काफी गिरा दिया है। पिछले 100 दिनों में नायडू की सारी योजनाओं, ढांचों व समझौतों को तोड़ना मूर्खतापूर्ण है। इससे राज्य में निवेश की उम्मीद धूमिल होती है। निर्माण अधूरे छोड़े गए हैं जो कबाड़ में बदल रहे हैं, बड़ी परियोजनाओं के टेंडर फिर हो रहे हैं तथा अमरावती योजना शायद छोड़ दी गई है जिसे राज्य की भावी राजधानी के बजाय नायडू की व्यक्तिगत योजना समझा जा रहा है। हैदराबाद के तेलंगाना में जाने के बाद आंध्र या उसके बिजनेस दृष्टिकोण का क्या होगा? हैदराबाद की जीवन्त अर्थव्यवस्था के कारण तेलंगाना वर्तमान समय में लाभ की स्थिति में है। विश्व बैंक के आंध्र की परियोजनाओं से पीछे हटने के बाद अब कोई नहीं जानता कि अमरावती योजना छोड़ने के बाद पूंजी पलायन कैसे रोका जाएगा। इस योजना के लिए विश्व बैंक से 300 मिलियन डालर तथा विश्व बैंक से साझीदारी करने वाले एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक से 175 मिलियन डालर मिलने थे। जगन मोहन पिछले समझौतों में 'अनियमिततायें' दूर करने का दावा कर सकते हैं और उनके आरोपों में कुछ सही भी हो सकते हैं, पर वर्तमान आर्थिक उथलपुथल मतदाताओं को पसंद नहीं आ रही है। बड़ा सवाल यह है कि कल्याणकारी घोषणाओं के लिए पैसा कहां से आएगा, जबकि जगन मोहन आंध्र प्रदेश को विशेष दर्जा दिलाने के लिए अभी संघर्ष कर रहे हैं। उनको समझना चाहिए कि अर्थव्यवस्था पर विराम लगाने से छवि धूल में मिल जाएगी। वे जानते हैं कि भाजपा को उनके समर्थन की जरूरत नहीं है और वह वाईएसआर कांग्रेस की कतारों में असंतोष से प्रसन्न होगी। भाजपा ने पड़ोसी टीआरएस के सदस्यों को निशाना बनाया है और यही काम आंध्र प्रदेश में भी कर सकती है। ऐसे में मुख्यमंत्री को आहत भावनाओं के बजाय तर्क से काम करना चाहिए।

# बुर्के पर बोरिस जॉनसन के पूर्वाग्रह

## बोरिस जान्सन का बुर्के के प्रति दृष्टिकोण आक्रामक रूप से पूर्वाग्रही है। लेकिन क्या पुराने विवाद को हवा दे कर ढेसी पुरानी धारणायें तोड़ने के बजाय उनको हवा देने का काम नहीं कर रहे हैं?

**प्रियदर्शी दत्ता**
लेखक स्वतंत्र शोधकर्ता हैं)






ब्रिटेन के पहले सिख सांसद सरदार तनमनजीत सिंह ढेसी ने नव-निर्वाचित ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन पर बुर्का पहनने वाली मुस्लिम महिलाओं पर की गई टिप्पणी के कारण निशाना लगाया है। पिछले वर्ष अखबार में प्रकाशित एक लेख में जान्सन ने बुर्का पहने महिलाओं की तुलना 'बैंक डकैतों' व 'लेटर बाक्स' से की थी। इस लेख ने काफी उत्तेजना पैदा की। उनके कंजरवेटिव साथी लार्ड शेख ने एक लिखित शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग कर डाली थी। जान्सन पर पार्टी कोड उल्लंघन का आरोप लगाया गया, लेकिन पार्टी अध्यक्ष ब्रैंडन लुइस के निर्देशों के बावजूद उन्होंने माफी मांगने से इनकार कर दिया। अंततः नाओमी इलेनबोगेन की अध्यक्षता में गठित पार्टी की एक स्वतंत्र समिति ने पिछले वर्ष दिसंबर में उनको आरोपों से मुक्त कर दिया। हालांकि, समिति ने बोरिस जॉनसन की भाषा को 'उत्तेजक' माना, लेकिन उनकी निन्दा करने से इनकार किया क्योंकि 'अपने दृष्टिकोण पर जोर देने के लिए व्यंग्य का प्रयोग, खासकर इस मामले में आलोचना का कारण नहीं बन सकता है।'

ब्रिटेन में पले-बढ़े ढेसी ने स्वयं नस्लवाद का अनुभव किया होगा। अतः उनके लिए अन्य पीड़ित समूहों व व्यक्तियों के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक था। लेकिन शायद लेबर सांसद होने के कारण वे राजनीतिक पक्षपात से भी प्रभावित रहे होंगे। इसके अलावा इस तथ्य की व्याख्या कैसे हो सकती है कि उन्होंने यह मामला फिर क्यों भड़काया जो पिछले दिसंबर में हल हो गया था? लेकिन बहु-सांस्कृतिकता के नाम पर एक प्रतिगामी पंरपरा का बचाव करना या इस बहाने राजनीतिक विरोधियों पर निशाना साधना कहां तक उचित है?

कंजरवेटिव या रूढ़िवादी होने के कारण हो सकता है कि जॉनसन कुछ पूर्वाग्रहों या खास दृष्टिकोण से प्रभावित हों। लेकिन टोनी ब्लेयर के बारे में क्या कहा जा सकता है जो 13 वर्षों तक लेबर पार्टी के नेता तथा 10 वर्ष तक ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे? तत्कालीन प्रधानमंत्री के रूप में ब्लेयर ने 17 अक्टूबर, 2006 को कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा पूरा बुर्का पहनना 'अलगाव का संकेत' था और इससे 'समुदाय से बाहर के कुछ लोग असहज अनुभव कर सकते हैं।' उनकी टिप्पणी ड्यूसबेरी में हेडफील्ड चर्च आफ इंग्लैंड द्वारा संचालित जूनियर स्कूल की छात्रा आइशा आजमी के संदर्भ में थी जिसे अपना हिजाब उतारने से इनकार करने पर स्कूल से निकाल दिया गया था। ब्लेयर ने इस निर्णय पर स्कूल अधिकारियों का समर्थन किया था। इसके अगले साल 31 अक्टूबर, 2007 को चेरी ब्लेयर ने रेडियो फोर के कार्यक्रम में कुछ सीधी-सपाट बातें कहीं। उन्होंने कहा, 'अपना सिर ढकने वाली महिलाओं तथा शालीन कपड़े पहनने वाली महिलाओं से मुझे कोई समस्या नहीं है। लेकिन मैं सोचती हूं कि यदि किसी चरण पर अपना चेहरा ढकने के कारण किसी महिला का व्यक्तित्व सामने नहीं आता है, तब आप पूछने लगते हैं कि क्या इसका संबंध महिला अधिकार से है और वह स्वयं को खास ढंग से पेश करना चाहती है।'

यदि ब्रिटिश जातीय या इथनिक वेशभूषा के प्रति इतने कठोर हैं तो साड़ी कभी ब्रिटिश

> आंबेडकर ने कहा था, 'भारत की सड़कों पर बुर्का पहने महिलाओं को देखना एक दयनीय दृश्य है। इस प्रकार के अलगाव से मुस्लिम महिलाओं के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ते हैं। वे आमतौर से एनीमिया, ट्यूबरकुलोसिस या पाइरिया की शिकार होती हैं। उनके शरीर विकृत हो जाते हैं, पीठ झुक जाती है, हड्डियां उभर आती हैं तथा हाथ व पैर कमजोर हो जाते हैं। पर्दा मुस्लिम महिलाओं को मानसिक व नैतिक पोषण से वंचित करता है।

समाज में भेदभाव का केन्द्रीय बिंदु क्यों नहीं बनी? ब्रिटेन की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा से सेवानिवृत्त मेरी चाची लतिका चंदा हमेशा लंदन में चिकित्सक के रूप में साड़ी पहनती थीं। उनको कभी इसके कारण उनकी पेशेवर दक्षता से प्राप्त प्रशंसा से वंचित नहीं किया गया। 1976 में ब्रिटेन में प्रख्यात लेबर आंदोलन में 'स्ट्राइकर्स इन साडीज़' ने भाग लिया था और वे अपने समर्थन में 20,000 लोगों को लाने में सफल हुई थीं। उनकी नेता गुजराती महिला जयाबेन देसाई थीं जो तंजानिया से ब्रिटेन गई थीं। उन्होंने उत्तरी लंदन की ग्रनविक फिल्म प्रोसेसिंग फैक्ट्री में दयनीय स्थितियों में काम करने वाली एशियाई व अफ्रीकी महिलाओं की हड़ताल का नेतृत्व किया था। साड़ी व कार्डिगन में उनकी फोटो एक प्लेकार्ड लिए छपी थी जिस पर लिखा था, 'एकजुट कर्मी कभी पराजित नहीं होंगे'। यह बीसवीं शताब्दी में लेबर आंदोलन के महत्वपूर्ण चित्रों में से एक था। इसका अर्थ यह है कि साड़ी कभी भी ब्रिटेन के औद्योगिक या पेशेवर जीवन में महिलाओं की सहभागिता में बाधा नहीं बनी।

लेकिन बुर्का एक बिल्कुल अलग सोच का प्रतीक है। ब्लेयर से उसी पत्रकार सम्मेलन में पूछा गया था कि क्या बुर्का पहनने वाली महिला समाज में योगदान कर सकती है। उन्होंने कहा था, 'यह एक कठिन सवाल है।' क्या इस मुद्दे पर लेबर प्रधानमंत्री से स्पष्ट कोई अन्य जवाब हो सकता है? पगड़ी या साड़ी या कोई अन्य धार्मिक प्रतीक जैसे क्रास पहनने वाला व्यक्ति ब्रिटेन के औद्योगिक, वाणिज्यिक और सार्वजनिक जीवन में समुचित योगदान कर रहा है। लेकिन क्या ढेसी यही बात बुर्के के बारे में कह सकते हैं? क्या बुर्का मुस्लिम समाज में आंतरिक भेदभाव का असली सवाल छिपा नहीं रहा है? ऐसे में भारतीय संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष बी. आर. अंबेडकर का कथन समझना लाभदायक होगा जो उन्होंने 1940 के दशक में बुर्का तथा मुस्लिम घरों में पर्दा प्रथा के बारे में कहा था।

अंबेडकर ने कहा था, 'भारत की सड़कों पर बुर्का पहने महिलाओं को देखना एक दयनीय दृश्य है। इस प्रकार के अलगाव से मुस्लिम महिलाओं के शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ते हैं। वे आमतौर से एनीमिया, ट्यूबरकुलोसिस या पाइरिया की शिकार होती हैं। उनके शरीर विकृत हो जाते हैं, पीठ झुक जाती है, हड्डियां उभर आती हैं तथा हाथ व पैर कमजोर हो जाते हैं। पर्दा मुस्लिम महिलाओं को मानसिक व नैतिक पोषण से वंचित करता है। स्वस्थ सामाजिक जीवन से वंचित होने के कारण उनके नैतिक पतन की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। वे अन्य समुदायों की अपनी बहनों से कट जाती हैं, आउटडोर गतिविधियों में हिस्सा नहीं ले सकती हैं तथा गुलाम मानसिकता व हीन भावना का शिकार हो जाती हैं। उनमें ज्ञान प्राप्त करने की कोई इच्छा नहीं रहती है तथा वे अपने घर के बाहर की किसी चीज में दिलचस्पी नहीं लेती हैं। पर्दे में बंद मुस्लिम महिलायें असहाय, कमजोर तथा जीवन में संघर्ष करने के अयोग्य हो जाती हैं।'

परंपरा के रूप में भले ही बुर्के के प्रति ब्रिटिश प्रधानमंत्री जॉनसन का दृष्टिकोण आक्रामक लगता हो, लेकिन उनके विचार खारिज करने का अर्थ उन मुस्लिम पुरुषों को बढ़ावा देना होगा जो महिला-विरोधी प्रतिगामी परंपराओं को महिलाओं पर थोपना जारी रखना चाहते हैं। ढेसी बेहतर तरीके से समझ सकते हैं कि हलाल मांस खाना उनके धर्म, यानी सिख धर्म में प्रतिबंधित क्यों है। संभवतः सिख गुरुओं ने अपने विवेक से यह नियम बनाया होगा। लेकिन अब 'हलाल' की विभीषिका का अनुभव यूरोपीय देश कर रहे हैं। यह कहना बिल्कुल गलत होगा कि हलाल केवल एक भोजन संबंधी पसंद है। मुस्लिम 'हलाल' विश्वासों का विस्तार भोजन, दवाओं, कास्मेटिक्स, बैंकिंग व बीमा तथा अन्य चीजों तक है। बढ़ते मुस्लिम उपभोक्ताओं के कारण पश्चिमी संस्थान स्वयं को हलाल-समर्थक के रूप में पेश करते हैं।

# नीतीश के लिए परिवर्तन का समय

> "बिहार के मुख्यमंत्री को गठबंधन धर्म का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय स्तर की राजनीति में चले जाना चाहिए। उनको अपनी कुर्सी भाजपा को सौंप देनी चाहिए जिसने लंबे समय तक उनका साथ दिया है।"

**रत्नेश कुशवाहा**
(लेखक बिहार भाजपा कार्यसमिति के सदस्य हैं)

संसदीय चुनावों में लगातार दो बार विजय के पश्चात भारतीय जनता पार्टी देश की सर्वाधिक प्रभावशाली राजनीतिक पार्टी बन गई है। वर्तमान परिदृश्य में भाजपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में चाहते हैं कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने करियर को आगे बढ़ाने के व्यावहारिक मार्ग पर चलें तथा अपने जमीनी अनुभव का लाभ राष्ट्रीय राजनीति को दें। पार्टी को उम्मीद है कि ऐसा कर मुख्यमंत्री राज्य में भाजपा के नेतृत्व का रास्ता खोलेंगे, जो उसे जनता दल यूनाइटेड- जदयू की तरह समृद्धि व सफलता के मार्ग पर ले जाएगा। जदयू ने बिहार में मजबूत गठबंधन साझीदार की भूमिका निभाई है।

हाल ही में, राज्य के पूर्व प्रमुख व राज्यसभा सदस्य, सीपी ठाकुर व पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान समेत भाजपा के कई नेताओं ने नीतीश कुमार से अपील की है कि वो केंद्र में मुख्यधारा राजनीति में शामिल हों। पार्टी को उम्मीद है कि यदि नीतीश राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में आ जाते हैं तो वो राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री बनने का मार्ग खोल देंगे।

यह स्वर न केवल भारतीय जनता पार्टी बल्कि जदयू के भीतर से भी उठ रहे हैं। हाल ही में, विधानसभा के सदस्य, अमरनाथ गामी, ने बैनर लगाकर अपने दृष्टिकोण का परिचय हयाघाट निर्वाचन क्षेत्र के दरभंगा जिले में दिया था। बैनरों में कहा गया था कि 2020 में बिहार विधानसभा चुनाव राजग के नेतृत्व में लड़े व जीते जाने चाहिए, जिसका आधार प्रधानमंत्री द्वारा किया गया काम होगा। नरेंद्र मोदी के प्रयासों व करिश्मे के कारण ही बिहार के संसदीय चुनाव में विजय मिली थी।

पिछले कुछ समय से पार्टी के लगातार बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भाजपा कार्यकर्ता, समर्थक व समाज के विभिन्न अंग बिहार में भी अब आगे भाजपानीत सरकार देखना चाहते हैं, जिसमें जदयू को गठबंधन साझीदार के रूप में पूरा समर्थन दिया और वो मुख्यमंत्री बने। उनको लगता है कि बिहार में नेतृत्व परिवर्तन लाभकारी होगा क्योंकि नए मुख्यमंत्री नया दृष्टिकोण व ऊर्जा के साथ ही नीतीश कुमार के प्रयासों का लाभ उठाएंगे। वो तर्क देते हैं



कि लोकतंत्र में राजनीतिक परिवर्तन हमेशा एक यथार्थ होता है तथा नीतीश कुमार को इसे गरिमा व पूरे मान से स्वीकार कर नया नेतृत्व सामने लाना चाहिए। भाजपा ने नीतीश कुमार को वर्ष 2000 में उस समय सर्वोच्च पद प्रदान किया था जब वो अपना बहुमत सिद्ध करने की स्थिति में नहीं थे तथा उनकी समता पार्टी महत्वपूर्ण होने के बावजूद तुलनात्मक रूप से छोटी थी। भाजपा के भीतर यह समझ बन रही है कि अब मुख्यमंत्री को स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा दिए गए समर्थन का प्रतिदान करना चाहिए, जिन्होंने उनको न केवल केंद्रीय कैबिनेट में जगह दी थी बल्कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में भी आगे बढ़ाया था। राजग ने यह चुनाव भाजपा कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम से जीता था जिन्होंने न केवल अपनी पार्टी के उम्मीदवारों बल्कि जदयू नेताओं के लिए भी कठोर परिश्रम किया था। 2005 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने नीतीश कुमार को मुख9यमंत्री उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। हालांकि, वो 2004 में अपनी परम्परागत सीट बारा से लोकसभा चुनाव हार चुके थे। राजग के चुनाव में विजय के बाद नीतीश कुमार पुनः बिहार के मुख्यमंत्री बने थे।

गठबंधन धर्म का पालन एवं सम्मान करते हुए भाजपा सुशासन बाबू कह जाने वाले नीतीश कुमार के साथ अगले दो दशक तक तथा अंतिम लोकसभा चुनाव में भी खड़ी रही है। पार्टी ने अपनी जीती पांच सीटें भी उनको दे दीं तथा 17 सीटों पर चुनाव लड़ा। इसके साथ ही, जदयू प्रमुख को नेता बनाया गया। देश में चल रही भाजपा समर्थक लहर तथा राष्ट्रीय परिदृश्य में पार्टी की मजबूत पकड़ को देखते हुए समय आ गया है कि नीतीश कुमार राजनीतिक समझदारी व व्यापक हृदय का परिचय देते हुए राज्य में भाजपा मुख्यमंत्री के लिए स्थान बनाएं।

बिहार की जनता मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के पहले कार्यकाल को विकास व सुशासन के स्वर्णिम युग के रूप में याद करती है। लेकिन, जदयू नेता की उस समय व बाद के कार्यकालों में सफलता का श्रेय भाजपा मंत्रियों की मेहनत व क्षमताओं को भी दिया जाना चाहिए, जिन्होंने मुख्यमंत्री के साथ पूरा सहयोग किया। विभिन्न सरकारी व सार्वजनिक एजेंसियों ने भाजपा मंत्रियों के प्रदर्शन की सराहना की है। वास्तव में स्वयं नीतीश कुमार ने राजद के साथ कामकाज में आसहज स्थिति की बात कही थी जब उन्होंने उसके साथ 2015 में सरकार बनाई थी।

राजग ने नीतीश के समीकरणों को देखते हुए भाजपा गंभीरता से जदयू के साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, बिहार के हित में उनको भाजपा के लिए रास्ता बनाते हुए गठबंधन धर्म का पालन करना चाहिए। भाजपा ने पहले ही बिना शर्त समर्थन देकर अपनी भूमिका अदा की है तथा उसने पिछले 15 वर्षों में राज्य संचालन में जदयू प्रमुख का पूरा सहयोग किया है। अब समय आ गया है कि बिहार को नेतृत्व परिवर्तन से लाभान्वित किया जाए।

## फरमाया



**अध्ययनों** से स्पष्ट है कि ओड-इवेन योजना से राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण 10-13 प्रतिशत कम हो सकता है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**इस** योजना की जरूरत नहीं है क्योंकि नई रिंग रोड दिल्ली में एक सीमा तक प्रदूषण घटा रही है।

– **नितिन गडकरी**
केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री



**1947** के पहले पाकिस्तान दुनिया में नहीं था। मेरा विश्वास है कि फिर ऐसा होगा। आज वह 5-6 टुकड़ों में बंटने के कगार पर है।

– **इन्द्रेश कुमार**
आरएसएस नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## भ्रष्टाचार का बोलबाला

**उभरते** नव राष्ट्रवाद के युग मे काजल रूपी राजनीति में बेदाग बने रहना अखंड भारत में एक चुनौती के समान हो गया है। आजकल कोई भी व्यक्ति अगर दोनों आंखे बंद करके जिस भी राजनेता की तरफउंगली उठाए वह नेता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी आरोप में संलिप्त जरूर होगा। हाल ही में पूर्व गृहमंत्री, वकील, वित्तमंत्री के साथ कांग्रेस के दिग्गज नेता पी चिदंबरम का कथित भ्रष्टाचार के मामले में सीबीआई की हिरासत में होना कही न कही वकील के रूप में उन्होंने संविधान को कटघरे में खड़ा कर दिया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा देश के दिग्गज नेताओं में शुमार शरद पवार, महाराष्ट्र के धुंवाधार नेता राज ठाकरे, पवार के करीबी प्रफुल्ल पटेल और पक्ष.विपक्ष के तमाम नेताओं पर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगभग तय है। सीबीआई तथा ईडी का येन केन प्रकारेण सत्ता पक्ष के राजनेताओं की तुलना में विपक्ष की तरफ से आवाज उठाने वाले नेताओं पर अधिक कड़क है। जिसके चलते अधिकांशतः विपक्षी दल के भ्रष्ट नेता सत्ता पक्ष का दामन थाम कर राहत महसूस कर रहे हैं। वर्तमान समय में हमारे पार्लियामेंट में क्रिमनल सांसदों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है।

– **सुमित**, मेल से

## निवेश के लिए माहौल बनाएं

**सरकारें** सफल बहुराष्ट्रीय कंपनियों को आकर्षित करने के लिए आक्रामक रूप से प्रोत्साहन देती हैं क्योंकि ये फर्में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने के लिए सहायक व संबद्ध बिजनेसों को बढ़ावा देती हैं, कर्मियों को कुशल बनाती हैं तथा ज्यादा सुसंगत ढांचागत व्यवहारों को स्वीकार करती हैं। इस प्रकार वे स्थानीय कंपनियों की समग्र उत्पादकता को भी बढ़ावा देती हैं। हालिया शोध से पता चलता है कि अरबों डालर के ऐसे प्लांट प्रबंधन, उत्पादकता व रोजगार में महत्वपूर्ण वृद्धि करते हैं जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। इस मामले में उन क्षेत्रों में कार्यरत कंपनियों का ज्यादा प्रभाव पड़ता है जहां प्लांट के उद्योग से प्रबंधकीय श्रमिक लगातार आते हैं तथा उनकी स्थापना ऐसी प्रतियोगी कंपनियों द्वारा की जाती है जो नीलामी प्रक्रिया में पीछे छूट गई हों और उनका चयन नहीं हो सका हो। नीतिगत अनिश्चितता कंपनियों को निवेश करने व लोगों को नौकरी देने से रोकती है। जब संगठन भावी आर्थिक परिवेश के बारे में अनिश्चित होते हैं तो वे नीतियां स्पष्ट होने तक निवेश नहीं करते हैं। कम्पनियों को निवेश के लिए उचित माहौल बनाना आवश्यक है।

– **डॉ. धर्मवीर**, प्रयागराज

## 5 ट्रिलियन का सपना

**आज** की भारतीय अर्थव्यवस्था 2.74 ट्रिलियन है। 2024 तक 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था खड़ी करने का लक्ष्य प्रधानमंत्री ने रखा है। इसे पाने के लिए हमे 12.5 प्रतिशत के चक्रवृद्धि दर से बढ़ना होगा। यह काफी मुश्किल है। इसके लिए हमे बुनियादी स्वस्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना की दशा को तेजी से सुधारना होगा। नौकरशाही को ज्यादा दुरुस्त करने होगा। इसमे विशेषज्ञों को भी शामिल करने की जरूरत है। यहां राज्यों को भी केंद्र सरकार का बखूबी साथ देना होगा। सब्सिडी को कम करने की जरूरत है। यह केवल जरूरतमंद को ही दी जानी चाहिए। उत्पादन की लागत को घटाना होगा। मुफ्त व लोकलुभावन योजनाओ से बचने की जरूरत है। सरकारों को लोगों को सेवा के बदले मूल्य चुकाने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। किसानो को उनके पर्यावरण के अनुसार खेती करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। जितना जल वैसी फसल के फार्मूले पर काम करने की जरूरत है। प्रौद्योगिकी द्वारा सेवा को ज्यादा कारगर बनाने की जरूरत है। सभी मिल कर काम करें तो लक्ष्य असंभव नहीं है।

– **पंकज कुमार**, जमशेदपुर

# सड़क दुर्घटना रोकने कबीरधाम जिले में 11 चौक-चौराहे दुर्घटनाजन्य घोषित

**पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा**
www.dailypioneer.com

कबीरधाम जिले में सड़क यातायात को सुव्यवस्थित करने के साथ-साथ राहगीरों को जीवन सुरक्षा प्रदान करने के लिए विशेष जोर दिया जा रहा है। जिले से होकर गुजरे वाली रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव और मध्यप्रदेश के जबलपुर मार्गों सहित जिले के प्रमुख- प्रमुख कस्बों के चौक-चौराहों का अध्ययन करने के बाद जिले विभिन्न मार्गों के 11 प्रमुख स्थलों को दुर्घटनाजन्य क्षेत्र के रूप में चिन्हांकित कर दुर्घटनाजन्य घोषित किया गया है। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में इन सभी चौक-चौराहों पर स?क दुर्घटना रोकने

### ■ सड़क दुर्घटना रोकने और अतिक्रमण मुक्त सड़क बनाने के फैसले लिए गए

के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह, अपर कलेक्टर जीवन किशोर ध्रुव सहित समिति के अन्य विभागों के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शरण ने बैठक में शहर में यातायात सुगम बनाने के लिए पालिका क्षेत्र के अंतर्गत प्रमुख मार्गों पर जहां दूरसंचार विभाग, विद्युत विभाग सहित प्रचार-प्रसार के लिए लगाए गए होर्डिंग बोर्ड है, उनका उपयोग नहीं हो रहा है, तथा ऐसे खम्बों को आधार पर बना सडक पर दुकान-ठेले चलाए जा रहे है, जिससे यातायात प्रभावित हो रही है, ऐसे स्थानों को चिन्हांकित कर ऐसे खम्बों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के पालिका अधिकारी को निर्देश दिए। शहर के प्रमुख मार्गों में बनाए गए बस स्टॉपेजों के आसपास भी अतिक्रमण मुक्त करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए। बैठक में गुरूनानक चौक से रायपुर मार्ग सहित तथा शहर के प्रमुख मार्केट लाईन पर यातायात सुगम बनाने के लिए चर्चा हुई। चर्चा में यह बात सामने आई की प्रमुख मार्गों पर स्थानीय व्यापारियों द्वारा स?क पर दुकानें सजाई जा रही है, जिससे यातायात प्रभावित हो रही है। कलेक्टर ने ऐसे स्थलों को चिन्हाकिंत कर यातायात बेहतर बनाने और व्यापारियों को समझाने तथा इसके बाद अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। बैठक में राजमहल चौक से लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक मार्ग को अधिक्रमण से मुक्त करने अभियान चलाने के लिए कहा गया। शहर के मिनीमाता चौक पर प्रकाश व्यवस्था बनाने के लिए पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अलावा सकरी नदी की सकरी पुलिया पर सुरक्षा प्रदान करने वाले सूचना पटल तथा अन्य व्यवस्था बनाने के लिए कहा गया।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि जिले के विभिन्न मार्गों और चौक-चौराहों पर लगातार रहो रही स?क दुर्घटनों का अध्ययन करने के बाद जिले के 11 प्रमख स्थालां का दुर्घटनाजन्य घोषित किया गया है। चिन्हांकित स्थलों में नेशनल मार्ग के बीजाझोरी पुलिया से इंडस्ट्रीयल मार्ग तिहारा तक, कवर्धा के वीरस्तंभ चौक, मीनीमाता चौक से भोरमदेव तिराहा तक, पिपरिया चौकी दशंरगपुर से पंचायत भवन तक, धरमपुरा नवोदय स्कूल से हनुमान मंदिर तक, न्यू बाई पास मार्ग प्रभाटोला से पोडी तिहारा मार्ग, राजनांदगांव मार्ग के बिरोड़ा चौक, पंडरिया के विक्रम पेट्रोल से कुकदूर तिराहा मार्ग, कुण्डा-महली से सुरजपुराकला शामिल है। उन्होने बताया कि पिछले तीन साल के सडक दुर्घटना को विशेष ध्यान में रखते हुए इन स्थलों को चिन्हांकित किया गया है। उन्होने बताया कि जिले के सभी छोटे-बडे पुल पुलिया के आसपास घास नुमा पौधें अधिक है, जिससे सड़क दुर्घटना की स्थिति निर्मित होती है। कलेक्टर श्री अवनीश कुमार शरण ने बैठक में लोक निर्माण, राष्टीय राजमार्ग तथा अन्य सडक बनाने वाली शासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा कि लोगों को सुरक्षित यातायात और सुरक्षा प्रदान करते हुए स?क को अतिक्रमण से मुक्त रखने की जिम्मदारी संबंधित विभागों की है। इसलिए वे अपने सड़क को अतिक्रमण होने से बचाए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को चिन्हांकित दुर्घटनाजन्य स्थलों के आसपास दुर्घटनाजन्य क्षेत्र को प्रदर्शित करने वाली सूचना पटल लागने के निर्देश दिए। पुल-पुलिया के आसपास घासनुमा पौधों की छटाई करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशत किया गया।

## क्विक न्यूज

### मूर्ति विसर्जन पश्चात तालाबों की सफाई में जुटा निगम



**भिलाई।** निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने मूर्ति विसर्जन होने वाले तालाबों मे विसर्जन के पश्चात तालाब परिसर एवं कुंड की सफाई कराने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी तथा समस्त जोन आयुक्तों को दिए हैं तथा एन.जी.टी. के गाइडलाइन के तहत प्रतिबंधित प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण के वक्त उड़नदस्ता एवं पर्यावरण की टीम ने निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए कई प्रतिबंधित प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों को जप्त कर मूल स्वरूप में तब्दील कर दिया। तालाबों को प्रदूषण से बचाने के लिए निगम भिलाई द्वारा विसर्जन स्थलों पर पूजन सामग्री विसर्जित करने के लिए पृथक से कुंड तैयार किया गया।

### विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी साजा निलंबित

**बेमेतरा।** कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी ने एक आदेश जारी कर बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा में पदस्थ विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलिमा गडकरी, साजा द्वारा अपने फेसबुक सोशियल मीडिया एकाउंट से राजनैतिक तथा अन्य प्रकार से राजनेताओं के विरूद्व विपरीत टिप्पणी की है जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (2) तथा उप-नियम (1), (2), (3) के विपरीत है। सुश्री निलिमा गडकरी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, साजा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय, कायाज़्लय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा रहेगा, तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### कलेक्टोरेट सभागृह में कुपोषण दर में कमी लाने कार्यशाला का आयोजन

**बेमेतरा।** आओ बनाए कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त विषय पर महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कलेक्टोरेट सभागृह में कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में कलेक्टर श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी एवं रायपुर से आए डॉ. कमलेश जैन एवं कन्साल्ट्रेन्ट अविनाश लुम्बा ने कुपोषण दूर करने के संबंध में जानकारी दी। इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ प्रकाश कुमार सर्वे, जिला कार्यक्रम अधिकारी म.बा.वि. राजकुमार जाम्बुलकर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.सतीश शर्मा, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी रमाकांत चन्द्राकर, विभाग के परियोजना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ, एवं आंगनबाड़ी के पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

# प्रथम संस्था ने सेकण्ड चांस प्रोग्राम के तहत मनाया हिंदी दिवस

### ■ छात्राओं व शिक्षकों ने रोपे 350 पौधे

**पायनियर संवाददाता ◄ बालोद**
www.dailypioneer.com



प्रथम संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के बालोद जिले के बालोद एवं डौंडीलोहारा में सेकंड चांस नामक प्रोग्राम चलाया जा रहा हैं। जिसमें ड्राप.आउट छात्राओं को भिन्न.भिन्न गाँव से मोबिलाइज कर उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया जाता हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से 1 वर्ष तक निःशुल्क 10वीं ओपन बोर्ड के पाठ्यक्रम की तैयारी कराई जाती हैं। इस कार्यक्रम से प्रति वर्ष 100 से अधिक शालात्यागी बालिका एवं महिलाएं शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ रही है और अब तक लगभग 800 शाला त्यागी बालिका एवं महिलाए इस कार्यक्रम से लाभान्वित हुई हैं। उनमें से बहुत सी छात्राएं आगे की शिक्षा भी ग्रहण कर रही हैं। सत्र 2018.19 में 117 छात्राओं ने ओपन बोर्ड के माध्यम से परीक्षा दिलाई हैं और उसमे से 80 छात्राए उत्तीर्ण हुई हैं। इस वर्ष स्टेट ओपन बोर्ड का राज्यस्तरीय रिजल्ट 49.67 रहा। वर्तमान सत्र के लिए टीम के द्वारा मोबिलाइजेशन भी प्रारंभ किया गया है। जिसमें अब तक 140 छात्राए इस सत्र हेतु मोबिलाइज की जा चुकी हैं। वर्तमान मे यह कार्यक्रम बालोद जिले के बालोद और डौंडीलोहारा ब्लॉक के 5 गाँव मे लगाए जा रहे हैं। क्लस्टर सेंटर अछोलीए डौंडीलोहारा. कोबा. दुधली एवं सांकरा में संचालित किए जस रहे है। ज्ञात हो की प्रथम एक समाज सेवी संस्था हैं जो बालोद जिले मे गत 7 वर्षों से महिलाओं एवं शाला त्यागी छात्राओं को शिक्षित करने हेतु कार्य रही हैं। इस वर्ष डौंडीलोहारा ब्लाक में यह कार्यक्रम संचालित हैए जो कि दूसरा वर्ष है। हिंदी दिवस के महत्व को ध्यान में रखते हुए। सेकंड चान्स प्रोग्राम डौंडीलोहारा जिला बालोद के तत्वधान में सभी 5 संकुल केन्द्रों में हिंदी दिवस के अवसर पर संस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य जिसमे सेकंड चांस प्रोग्राम की सहायता से कक्षा 10वीं की तैयारी कर रही 122 शाला त्यागी छात्राओं ने भाग लिया। छात्राओं के द्वारा गीतए भाषण,चुटकुला एवं कविता पाठ प्रस्तुत किया गया जो कि बहुत ही सराहनीय था। हिंदी प्रभारी राजेश साहू ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा किए इस प्रकार की प्रतियोगिता से हिंदी भाषा की गरिमा कायम रहेगी। यही सद्भावना बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास के लिये मील का पत्थर साबित होगी। ओमनाथ रात्रे जिला इंचार्ज ने बताया की सेकंड चांस प्रोग्राम में पढ़ रही छात्राए करीब दो.तीन वर्षों से स्कूल छोड़ी हुई होती हैं। 10वीं कक्षा की तैयारी कराई जाती है। उनको पढ़ाई के साथ विभिन्न प्रतियोगिता से प्रतिस्पर्धात्मक भावना निर्माण करने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इससे छात्राओं में छिपी प्रतिभा सामने आती है।

### पर्यावरण को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

बीते 15 अगस्त से लेकर अब तक सेकंड प्रोग्राम के सभी छात्राओं व शिक्षकों ने अब तक 350 पेड़ लगा चुके है। शंकुल केंद्र व अपने घरए आंगन व खेत मे सभी ने पेड़ लगाये व पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। शंकुल केंद्र में मानव श्रृंखला बना कर छात्राओं ने लोगों को संदेश दिया कि पर्यावरण है तो हम है। इसकी सुरक्षा व देखभाल सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण चंद्रशेखर साहू, जागेश्वर साहू, लोकनाथ साहू, राजेश साहू, लोमेश साहू, ममता साहू, कुशाली साहू, अल्का चंद्राकर व नेहा यादव उपस्थित रहे।

# एबीवीपी के छात्रों ने समस्याओं व मांगों को लेकर निकाली शव यात्रा

### ■ कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**पायनियर संवाददाता ◄ बालोद**
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने कॉलेज में छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं व उनकी मांगों को लेकर कॉलेज प्रशासन की शवयात्रा निकाली। कॉलेज का मेन डोर बंद कर कॉलेज प्रांगण में बैठ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल मुर्दाबाद के नारे भी लगाए और कॉलेज प्रशासन की लचर व्यवस्था के जिला जमकर नारेबाजी की। मामले को शांत कराने बालोद तहसीलदार रश्मि वर्मा और बालोद थाना प्रभारी अमर सिदार कॉलेज पहुचे थे। जहां कॉलेज प्रबंधन और एबीवीपी के छात्रों से चर्चा की और समस्या को जल्द निराकरण करने की बात कही गई। दरअसल जिला मुख्यालय स्तिथ शासकीय घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज में सोमवार को 11 बजे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रों व पदाधिकारियों ने कॉलेज में हो रही समस्या एवं मांगों को लेकर कॉलेज प्रशासन की शवयात्रा निकाली और कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। एबीवीपी के छात्रों व पदाधिकारियों द्वारा कॉलेज में छात्र-छात्राओं को हो रही समस्याओं से अवगत कराते हुए बताया कि कॉलेज की कक्षाओं में साफ-सफाई नियमित नही होती है, प्राध्यापकों की कमी हैं। छात्र-छात्राओं के बैठने के लिए टेबल एवं कुर्सी की भी कमी हैं। पिछले सत्र की छात्रवृत्ति छात्र-छात्राओं नही मिल पाई है। पेयजल एवं वाटर फिल्टर रो का सुधार कार्य समय पर नही होता तथा महाविद्यालय प्रवेश द्वार के मेन गेट में हमेशा ताला जड़ा होता है। इन सभी प्रमुख मांगों को एबीवीपी के छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन के समक्ष रखा।

### साइकिल पोलो की तीन वर्गों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं 25 से

**भिलाई ।** साइकिल पोलों की तीन वर्गों में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता की मेजबानी भिलाई को मिली है। भिलाई निवास के सामने स्थित दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड में उक्त तीनों राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं खेली जाएंगी। इसमें 8 वीं सब जूनियर बालक एवं बालिका राज्यस्तरीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता 25 से 28 सितंबर तक, 8 वीं जूनियर बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक तथा 8 वीं सीनियर पुरूष एवं महिला राज्य स्तरीय साइकिल पोलो प्रतियोगिता 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक खेली जाएगी। छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ के सचिव वीआर चन्नावर ने बताया कि, यह प्रतियोगिताएं छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो संघ, खेल एवं युवा कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन तथा भिलाई इस्पात संयंत्र साइकिल पोलो क्लब के संयुक्त तत्वाधान में हो रही हैं।

# राजकुमार पटेल को बाड़ी योजना से मिल रहा लाभ

**पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा**
www.dailypioneer.com



शासन की बाड़ी योजना के अंतर्गत जिले के छोटे किसानों को इसका भरपूर लाभ मिल रहा है। वे मौसमी साग-भाजी उगाकर मुनाफा अर्जित कर रहें है। बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के ग्राम पेण्ड्रावन के कृषक राजकुमार पटेल ने बताया कि अपने बाड़ी 40 डिसमिल जगह पर खरीफ और रबी मौसम में अलग-अलग प्रकार की सब्जी फसल लगाता हूं। लेकिन इस बार मुझे नरवा, गरूवा, घुरूवा अउ बाड़ी योजना के तहत गर्मी के समय उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान रोपणी मोहगांव में भिण्डी का बीज एक किलो प्राप्त हुआ। और साथ ही उसके बाद में वर्मी खाद, वर्मी बेड, तथा कीटनाशक रोगनाशक दवाई भी मुझे प्राप्त हुआ गर्मी में लगे भिण्डी फसल से मुझे आमदनी प्राप्त होना शुरू हो गयी है। प्रतिदिन 30-40 किलो भिण्डी 10-15 रूपए प्रति किलो बाजार में बेचता हूं।

### कृषि मंत्री आज करेंगे विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**बेमेतरा।** प्रदेश के कृषि, मछली पालन, पशुधन विकास, आयाकट, जल संसाधन एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री रविन्द्र चैबे कल विश्वकर्मा जयंती के मौके पर मंगलवार 17 को बेमेतरा जिले के विकासखण्ड साजा के प्रवास में रहेंगे। कृषि मंत्री चैबे जिला दुर्ग के विकासखण्ड धमधा से दोपहर 01.30 बजे विकासखण्ड साजा के लिए प्रस्थान करेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 3.00 बजे थानखम्हरिया के लिए रवाना होंगे और थानखम्हरिया में विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे।

# तक्षशीला एजुकेशन में 250 से अधिक बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

### ■ शिविर में अनुभवी डाक्टरों ने दिया अपना अहम योगदान

**पायनियर संवाददाता ◄ बालोद**
www.dailypioneer.com




जिला मुख्यालय स्थित तक्षशिला एजुकेशन एकेडमी में शनिवार को अध्यनरत सभी छात्र-छात्राओं का फ्री मेडिकल चेकअप कराया गया। तक्षशिला स्कुल प्रबंधन द्वारा आयोजित इस फ्री मेडिकल केम्प में शहर के 4 अनुभवी डाक्टरों ने अपनी अहम् भूमिका निभाते हुए सभी छात्रो का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमे आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रदीप जैन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. एके महिश्वर, दन्त चिकित्सक डॉ. सानिध्य जैन द्वारा सुबह 8 बजे से 11 बजे तक त?रीबन 255 छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिसमे डाक्टरों ने परीक्षण के दौरान मौसमी बीमारी से बचने के उपाय बताए। तो कुछ बच्चो को शरीर में आयरन कैल्शियम की कमी की शंका होने पर आयरन और कैल्शियम लेने के सलाह दिए। साथ ही दन्त चिकित्सक डॉ. सानिध्य जैन ने बच्चो को दांतों की देखरेख के उपाय भी बताए। साथ बच्चो को रोज सुबह अपने दांतों का ख्याल कैसे रखा जाए इसकी जानकारी दी। उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर संस्था के प्राचार्य राधिका गुप्ता के निर्देशन में हुआ। तो इस स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान स्कुल स्टाफ गायत्री, तामेश, पंकज, पूर्णिमा, रूपलता, उर्वशी, सुमन, कांति, किरण, मनोज, संतोषी, उषा, तृप्ति व शिक्षिका सुनीता मुख्य रूप से उपस्थित रहे, साथ ही इस जांच शिविर में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले नगर के डाक्टरों का स्वास्थ्य परीक्षण पश्चात आभार व्यक्त भी किए।

# 11केव्ही तार से झुलसा एसीएन केबल का टेक्नीशियन, आई गंभीर चोटें

**पायनियर संवाददाता ◄ बालोद**
www.dailypioneer.com

### ■ जिला अस्पताल में प्राथमिकी इलाज़ के बाद भिलाई किया गया रिफर




नगर के दल्ली चौक स्तिथ भाटिया पेट्रोल पंप के सामने एक किराना दुकान के ऊपर केबल वायर की मरम्मत करते समय केबल टेक्नीशियन तेजप्रकाश भारती पिता पदयुमन भारती (25) 11 केव्ही बिजली की तार चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। उसके सहकर्मी लोकेंद्र कुमार पिता शिवकुमार ने उसकी जान बचाई। 11केव्ही के तार में झुलस जाने से वह बुरी तरह गंभीर हो गया हैं। छत के ऊपर से लोगों की मदद से उसे सीढ़ियों के जरिये नीचे उतारा गया। फिर 108 के जरिये उसे जिला अस्पताल इलाज़ हेतु लाया गया। जहां उसका प्राथमिकी इलाज़ के बाद भिलाई रिफर किया गया। तेजप्रकाश की जान बचाते वक्त सहकर्मी लोकेंद्र का भी हाथ जल गया। लेकिन लोकेंद्र की सूझबूझ व हिम्मत के चलते तेजप्रकाश की की जान बच गई। बता दे कि एसीएन केबल में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत तेजप्रकाश का केबल संचालक ने इंसयोरेन्स नही करवाया हैं और न ही अपने किसी कर्मी का इंसयोरेन्स करवाया हैं। जो बहुत बड़ी लापरवाही हैं। जबकि सरकारी नियमो के अनुसार प्राइवेट कंपनियों में कार्यरत सभी कर्मियों का इंसयोरेन्स कंपनी के संचालक द्वारा ही करवाया जाता है। लेकिन एसीएन केबल बालोद के संचालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है।

## आला नेताओं ने दिए आम सहमति से चुनाव कराने के संकेत

# भाजपा संगठन चुनाव में कसौटी पर रहेगी गुटबाजी

**पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई**
www.dailypioneer.com

भाजपा संगठन चुनाव की गतिविधि शुरू होने के साथ ही भिलाई-दुर्ग में पार्टी की गुटबाजी को लेकर चर्चा चल पड़ी है। इस बार भी संगठन चुनाव में स्थानीय गुटबाजी कसौटी पर रहने की संभावना बनी हुई है। आला नेताओं ने प्रत्यक्ष मतदान के बजाए आम सहमति के आधार पर चुनाव कराने पर जोर दिया है। ऐसे में धड़ों में बंटे कार्यकर्ताओं को एक करने की चुनौती चुनाव अधिकारियों के लिए आसान नहीं रहेगी।

संगठन चुनाव के घोषित कार्यक्रम के अनुसार 11 से 30 सितंबर तक बूथ कमेटियों का चयन पूरा किया जाना है। भिलाई जिला संगठन के लिए गिरधर गुप्ता चुनाव अधिकारी और जेपी शर्मा सहायक चुनाव अधिकारी बनाये गए हैं। जबकि दुर्ग जिला संगठन चुनाव के लिए कृष्ण कुमार राय को चुनाव अधिकारी और गिरधर जंघेल को सहायक चुनाव

### ■ धड़ों में विभक्त कार्यकताओं को एक करने की रहेगी चुनौती

अधिकारी बनाया गया है। फिलहाल बूथ कमटी गठन को लेकर गतिविधि शुरू नहीं हो सकी है। लेकिन तय है कि 30 सितंबर से पहले इसका गठन कर लिया जाएगा। इसके लिए संगठन स्तर पर आयोजित होने वाली बैठकों की तारीख घोषित किया जाना शेष है। लेकिन भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं की निगाहें अभी से चुनाव अधिकारियों के भावी कदम पर टिकी हुई है। हालांकि बूथ कमेटियों के चुनाव में खींचतान की संभावना कम नजर आ रही है फिर भी भिलाई और दुर्ग जिला भाजपा के मौजूदा संगठन में जिस तरीके से राज्यसभा सदस्य सुश्री सरोज पांडेय समर्थकों का दबदबा है उससे अन्य नेताओं से जुड़े कार्यकर्ता सशंकित नजर आ रहे हैं। संगठन चुनाव के तहत आगामी 11 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक मंडल तथा 11 से 30 नवंबर के बीच



जिला अध्यक्षों का चुनाव संपन्न किया जाना है। माना जा रहा है कि बूथ कमेटियों में जिस गुट का वर्चस्व रहेगा मंडल और जिला अध्यक्ष बनाने में उसी गुट को सहुलियत होगी। इसी सोंच के साथ अलग-अलग गटुट मेंबंटे भाजपा के कार्यकर्ता बूथ कमेटियों में वर्चस्व स्थापित करने में कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं दिख रहे हैं। गौरतलब रहे कि अभी भाजपा के भिलाई जिला अध्यक्ष अहिवारा के पूर्व विधायक सांवलाराम डाहरे है। वहीं दुर्ग जिला संगठन की कमान श्रीमती उषा टारी संभाल रही हैं। इन दोनों ही जिला अध्यक्षों को राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय के बेहद करीबियों में गिना जाता है।

### बदलाव की तस्वीर उभरने लगी

भाजपा की स्थानीय राजनीति में इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव के बाद बदलाव की तस्वीर उभरने लगी है। इस चुनाव में विजय बघेल सांसद चुने गए हैं और उनके साथ प्रेमप्रकाश पांडेय व वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन की तिकड़ी बन गई है। दुर्ग जिला भाजपा संगठन के दायरे में आने वाले दिवंगत नेता हेमचंद यादव के समर्थक भी अब सरोज पांडे के बजाए इसी तिकड़ी और विशेषकर सांसद विजय बघेल के प्रति आकर्षित है। ऐसे में भाजपा के इस संगठन चुनाव में आपसी खींचतान मचना तय नजर आ रहा है। इस तरह की संभावित हालातों का सामना कर आम सहमति से आने वाले दिनों में भिलाई-दुर्ग में संगठन चुनाव संपन्न कराना बेहद चुनौतीपूर्ण रहने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।

# लायन्स भिलाई ग्रेट ने हिन्दी दिवस पर कवि सम्मेलन का किया आयोजन

**पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई**
www.dailypioneer.com




अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन एवं लायन्स परिवार भिलाई ग्रेट के संयुक्त तत्वाधान में 'हिन्दी दिवस' पर समारोह के रूप में भिलाई में होटल अमित इंटरनेशनल में 'कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लायनेस डिस्ट्रिक्ट वाईस प्रेसीडेंट श्रीमती अनिता अग्रवाल एवं विशेष अतिथि के रूप में रायपुर से सीए विजित गोयल उपस्थित हुए।

कवि सम्मेलन का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। सर्वप्रथम माँ शारदे की वंदना की गई पश्चात विभिन्न विषयों पर दोनों संस्थाओं की सदस्यों ने काव्य पाठ किया। दरअसल पिछले दिनों सावन के ही महीने केन्द्र सरकार द्वारा दृढ इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए देश मे तीन बड़े-बड़े कार्य किये गए, चंद्रमा पर चंद्रयान 2 भेजना, तीन तलाक पर बिल पास कर विशेष कानून बनाना एवं सबसे अहम कार्य कश्मीर में धारा 370 एवं 35ए हटाकर कश्मीरी नागरिकों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जैसे कार्य देशहित के लिए कटिबद्ध एवं कृतसंकल्पित सरकार ही कर सकती थी। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला सम्मेलन एवं लायंस परिवार भिलाई ग्रेट के सभी सदस्यों ने मिलकर इस कार्यक्रम के माध्यम से केंद्र सरकार, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह एवं इसरो के सभी वैज्ञानिकों का अभिनंदन करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और सभी देशवासियों को बधाई दी।

## क्विक न्यूज

### चोरी की एल्युमिनियम केबल के साथ आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** जुटमिल चौकी पुलिस ने चोरी के एल्युमिनियम के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में अपराध कायम कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जूटमिल चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बनसिया स्थित एबीबी इंडिया लिमिटेड पावरग्रीड के साईड एडमिन मोहम्मद आलम द्वारा कंपनी के केबल वायर एल्युमिनियम 10 नग, एल्युमिनियम केबल दो नग कुल कीमत 20,000 रुपए जो कंपनी के खुले मैदान मे रखी हुई थी। जिसे बीती रात कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्ट पर चौकी जुटमिल में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 379 दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### महिला सशक्तिकरण पर प्रशिक्षण

**कोरबा ।** पूरे विश्व में नौ से 15 सितंबर तक जेसी सप्ताह मनाया जाता है। इसी क्रम में जेसीआइ कोरबा सेंटर एवं जेसीरेट्स महिला विंग ने महिला सशक्तिकरण पर सीए आशीष खेतान ने मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज में प्रशिक्षण दिया। कॉलेज की छात्राओं को विद्यार्थी जीवन में समय का सदुपयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। साथ ही अपनी जीवनशैली को अपने भविष्य के लिए सुनिश्चित रूप से उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें नौकरी के अलावा अपने पारिवारिक व्यवसाय की भी पूरी जानकारी रहे और उसे बढाने की भी पूरी कोशिश करें। जेसीआइ हमेशा लोगों को अपने व्यक्तित्व को निखारने के लिए प्रेरित करता है। अध्यक्षा कविता सोनी ने बताया कि महिलाओं एवं बच्चों का आत्मविश्वास बढाने के लिए हम लगातार कार्यक्रम करा रहे हैं, जिससे समाज का विकास हो सके। कार्यक्रम में अध्यक्ष आशीष टर्मकोरिया, सीए आशीष खेतान, कविता सोनी, ज्योति शर्मा, भव्या सिंघल, शिखा जायसवाल, सुरेश चावलानी, आनंद अग्रवाल, रोहित असरानी, प्रतीक अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

# सरपंच के घर पहुंची नक्सली चिट्ठी

## पत्र में कहा दो लाख दो वरना....

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

सारंगढ़ क्षेत्र के एक गांव लिमगांव खोखसिपाली में सरपंच के घर नक्सली पर्ची पहुंचने से हड़कंप मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस पत्र के माध्यम से दो लाख रुपए की मांग की गई है। रुपए नहीं देने पर उसे और उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी भी दी गई है। पत्र आने के बाद डरे सहमे सरपंच ने सारंगढ़ थाना में इस बात की शिकायत की है। इसके बाद तत्काल पुलिस हरकत में आ गई और सारंगढ़ थाने की टीम गांव सहित आसपास के क्षेत्र में जांच करने जुड़ चुकी है।

यह कथित नक्सली चिट्ठी को लेकर भ्रम की स्थिति भी बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पूर्व में भी इस क्षेत्र में नक्सलियों के नाम पर फर्जी उगाही की कोशिश की गई थी। ऐसे में यह पत्र भी जरूरी नहीं है कि नक्सलियों के द्वारा ही दिया गया। इसके पीछे किसी व्यक्ति की शरारत भी हो सकती है। बहरहाल इस पूरे मामले को पुलिस बेहद संजीदगी के साथ ले रही है। ताकि मामले का खुलासा हो सके। पुलिस की ओर से सरपंच के पास पुलिस बल भी भेज दिया गया है साथ ही आसपास के जंगलों में सर्चिंग भी की गई है। पुलिस इस चिट्ठी को लेकर कई बिंदुओं पर पड़ताल कर रही है।




### क्या कहते हैं सरपंच

इस संबंध में सरपंच ने बताया कि उन्हें यह नक्सली पर्ची 12 सितंबर को मिली थी वह लोग उनके घर के सामने ही उसे टंगा गए थे। चिट्ठी की भाषा बेहद टूटी फूटी है। उसमें पैसे की मांग की गई है। कहा गया है कि 14 सितंबर को शाम तक पहाड़ी में इसे देवी मां के मंदिर में वह पैसा पहुंचा दें। वरना उसे और उसके बेटे को वह जान से खत्म कर देंगे।

### किसी की शरारत लगती है : एसडीओपी

सारंगढ़ के एसडीओपी जितेंद्र खूटे का इस संबंध में कहना है कि नक्सलियों के नाम पर किसी ने शरारत की है। यद्यपि पुलिस की ओर से सतर्कता बरती जा रही है फिर भी हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर यह शरारत किसने की है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी नक्सलियों के नाम पर कुछ अफवाहें उड़ाई गई थी।

# नहीं रूक रही ओड़िसा से मादक पदार्थों की तस्करी

## फिर पकड़ाया 25 हजार का गांजा, बरमकेला पुलिस की कार्रवाई

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com

बरमकेला पुलिस की ओर से एक आरोपी से बाइक में ले जा रहे पांच किलो गांजा को जप्त किया गया है। जिसकी कीमत 25000 बताई जा रही है।

इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर झनकपुर चौक बरमकेला में पांच किलो मादक पदार्थ गांजा और मोटर सायकल सीडी डीलक्स के साथ एक युवक को धर दबोचा है। आरोपी का नाम सुरेश कुमार साहू पिता जवाहर लाल साहू उम्र 32वर्ष ग्राम खेमड़ा थाना जिला जांजगीर चांपा का रहने वाला बताया जा रहा है। आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख)एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



### जम्मू कश्मीर में घायल बालक को समाज के लोगों ने किया आर्थिक मदद



**लोरमी।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद लोरमी के सदस्यों द्वारा कोसाबाड़ी के पीड़ित संदीप तथा उसके परिवार से मुलाकात किये तथा उनका हाल चाल जाना । आदिवासी विकास परिषद के सदस्यों द्वारा 23000 रुपये की आर्थिक सहायता किये तथा आगे भी मदद करने का भरोसा दिलाया गया। गौरतलब है कि अपने पिता के साथ जम्मू कश्मीर में सेव के बगीचे में कार्य करने सन्दीप को एक चमकता हुआ वस्तु दिखा जिसे वो उठा लिया जहाँ कुछ देर बाद वह फट गया जिसके कारण से युवक सन्दीप काफी बुरी तरह घायल हो गया था उसके परिजनों के द्वारा लोरमी के ग्राम कोसाबाड़ी वापस ले आये जहाँ सन्तोष की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण वो अपने बच्चे का उचित इलाज नही करा पा रहा था, वही उनके परिजनों की स्थिति को देखते हुए समाज के लोगो के द्वारा राशि एकत्रित कर उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान किया गया सहायता में विशेष रूप से डॉ डी डी सिंह , दीपक मरकाम, ज्ञानी ध्रुव, केशव ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, अकत ध्रुव, शत्रुहन सिंह, भगवानसिंह, द्वारिका पोर्ते, पोषण, आदित्य ध्रुव, नरेश, मालिकराम उराँव, दिनेश ,रामायण, भागीरथी, उपेंद्र सिंह, करन, धनीराम, नोगेन्द्र, दिलहरण, चैनसिंह, रामसिंह, महेश , दिलीप , श्रवण, रामस्वरूप, मनोज, राजकुमार, मिथलेश, भवर सिंह, नंदकुमार, प्रकाश, देवचरण, माखन सिंह, ज्ञानेंद्र ध्रुव , रामनाथ , परस, बंशीलाल,एवं महिला संगठन की ओर से भी सहयोग किया गया जिसमें कृष्णा परस मरकाम अनिता राजकुमार ध्रुव, प्रभा ज्ञानी ध्रुव, केशर मन्नू ध्रुव, प्रेमलता दिलीप मरकाम , निराशा बाई द्वाराद्वारा विशेष रूप से सहयोग किया गया।

# पांच स्वर्णपदक प्राप्त कर रायगढ़ की बेटी ने रच दिया इतिहास

■ अटल बिहारी विश्व विद्यालय के दीक्षांत समारोह में 126 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com




बिलासपुर शहर के होटल सेंट्रल पॉइंट में गरिमामय माहौल में विशिष्ट अतिथियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में अटल बिहारी बाजपेयी विश्व विद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर धीरेंद्र पाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय रा%यपाल अनुसुइया उइके ने की। जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में सांसद बिलासपुर अरुण साव, विधायक बिलासपुर शैलेष पांडे, विधायक रायगढ़ प्रकाश नायक सहित विभिन्न विश्वद्यालयों के कुलसचिव और प्राचार्यों ने उपस्थिति दी। इधर समारोह की प्राथमिक गतिविधियों के बाद वह गौरव शाली समय भी आया। जिसमें विशिष्ट अतिथि और अध्यक्ष के हाथो विश्विद्यालय के विभिन्न संकायों के सभी 126 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गोल्ड मैडल देकर सम्मानित किया गया। अटल बिहारी बाजपेयी विश्व विद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में यहां अध्यनरत होनहार बेटियों ने 126 स्वर्ण पदकों में से एक दो नहीं बल्कि पूरे 83 गोल्ड मैडल हासिल कर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना लोहा मनवाया। जबकि छात्रों को महज 43 गोल्ड मेडल से ही सन्तोष करना पड़ा। सम्मान समारोह के इस क्रम में हमारे शहर की एक होनहार बेटी अर्शलीन कौर बग्गा का नाम भी लिया गया। जब उन्होंने एक के बाद एक पांच गोल्ड मेडल हासिल किए तो समारोह में उपस्थित लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा कार्यक्रम स्थल गूंज उठा। अर्शलीन कौर बग्गा रायगढ़ शहर के गांजा चौक निवासी मनमीत बग्गा की मेधावी बेटी है। उन्होंने वर्ष 2016-17 में इसी विश्व विद्यालय से सफलता पूर्वक एलएलबी की डिग्री हासिल की थी। इन्हें इसी सफलता के लिए वर्ष 2017-18 की एक अन्य होनहार छात्रा आफरीन बानो के साथ पांच गोल्ड मैडल प्राप्त हुए।

## छर्रा गांव के कई घरों में हो रही पत्थरबाजी

**रायगढ़।** सारंगढ़ क्षेत्र के ग्राम पंचायत छर्रा में पिछले पांच माह से यहां के रहने वाले रामकुमार बंजारे सहित आसपास निवासरत तीन से चार घरों में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पत्थर फेंका जा रहा है। जिसमें आसपास के घरवाले दहशत के साए में हैं। जिसकी शिकायत सारंगढ़ थाने में की गई है। गांव की सरपंच देवप्रसाद लक्ष्मे ने बताया कि राम कुमार बंजारे एवं आसपास के उन्हीं के रिश्ते नाते के घरों पर रात तीन से चार बजे के बीच उन लोगों के घरों पर विगत 4 से 5 माह से कोई अज्ञात व्यक्ति यों द्वारा पत्थर फेंक कर डराया जा रहा है। वही इस बात को उनके द्वारा बताया गया तो रात में जागरण कर जांच पड़ताल की गई, लेकिन किसी का पता नहीं चल पाया। इससे आसपास के घरों में लोग परेशान थे और पत्थर गिरने से दहशत बना हुआ है। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए थाने में इसकी शिकायत की गई। जांच अधिकारी द्वारा पूछताछ के लिए आस-पड़ोस के लोगों को तलब कर पूछताछ किया गया। जिन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर किया। ठीक दूसरे दिन पथराव के राज से पर्दा हटाने सरपंच सहित ग्रामीणों ने पीड़ित के घर चारो तरफ निगरानी रखना शुरु किया। वही 12 तारीख की रात जब सभी नींद के आगोश में थे तो फिर से अचानक पत्थर बरसने लगे। तब गांव के लोग सरपंच पंच आसपास के ग्रामीणों द्वारा सभी जिस दिशा से पत्थर आते देखा तो उधर दौड़ पड़े, लेकिन अज्ञात व्यक्ति को पकड़ नहीं पाए। वहीं जिस पर जिस दिशा से पत्थर दौड़ कर देखो एक महिला के घर के सामने जमीन से कुछ पत्थर उठे हुए दिखाई जिसे उन्होंने समझे कि आधार पर उस महिला के रिपोर्ट थाने में की और उस महिला तीज कुंवर को पुलिस थाना लेकर आई, लेकिन महिला इस घटना में अपना कोई हाथ नहीं होने की बात बार-बार कह रही है।

# सही भाड़ा नहीं मिलने से सड़क पर उतरे ट्रेलर मालिक

पायनियर संवाददाता ∢ रायगढ़
www.dailypioneer.com



तमनार के मिलूंपारा स्थित आदित्य बिरला ग्रुप की हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड कंपनी गारे पेलमा 4/5के मुख्य द्वार के सामने तमनार ब्लाक के स्थानीय ट्रेलर मालिकों द्वारा हड़ताल शुरू किया गया है। उचित भाड़ा दर की मांग को लेकर धरने पर बैठे स्थानीय ट्रेलर मालिको का कहना है की तीन माह पूर्व जब इसी बात को लेकर के स्थानीय ट्रेलर मालिकों ने धरना दिया। तब कंपनी प्रबंधन, ट्रांसपोर्टर, पुलिस व प्रशासन के बीच वार्ता के लिए तमनार थाना बुलाया गया था। जहां पर कंपनी प्रबंधन उपस्थित नहीं रहे।

मीटिंग में पुलिस प्रशासन स्थानीय वाहन मालिक व ट्रांसपोर्ट उपस्थित थे। जहां चारों के बीच बैठक कर स्थानीय ट्रेलर मालिकों को उचित भाड़ा देने की फैसला हुआ था। साथ ही डीओ मिलने के पश्चात स्थानीय वाहन मालिकों से मीटिंग कर उचित दर तय करने की बात कही गई थी। तीन महीने बीत जाने के बाद ना तो ट्रांसपोर्टर, स्थानीय गाड़ी मालिकों न तो तय भाड़ा दे रहे हैं, न फोन उठाते हैं। और तो और ना ही उनसे मिलने आते हैं। कंपनी के डिस्पैच के मैनेजर एस श्रीवास्तव स्थानीय वाहन मालिकों से बात करने को तैयार नहीं हैं। स्थानीय वाहन मालिक डिस्पैच मैनेजर को ट्रांसपोर्टरों से मिलीभगत की बात कह रहे हैं। उचित भाड़ा नहीं मिलने तक फैसला नहीं होने तक स्थानीय ट्रेलर मालिकों ने कंपनी से कोयले की निकासी को बंद कर दिया है। वहीं जब डिस्ट्रिक्ट मैनेजर से बात किया गया तो उन्होंने साफ बात करने को मना कर दिया और अपने अड़ियल रवैय्या से कहा जो होगा देख लेंगे। स्थानीय ट्रेलर मालिकों द्वारा इस बात को लेकर के तमनार पुलिस तमनार तहसीलदार व कंपनी प्रबंधन को भी आवेदन दिया गया है। वहीं जब तक मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन पर बैठे रहने की बात कही है।

## प्रथम पेज का शेष...

### डायरी नहीं पहुंची कोर्ट, मंतूराम का ...

मंतूराम के नामांकन वापसी के लिए लेनदेन की बात थी। वहीं कुछ दिनों पूर्व मंतूराम पवार ने 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराया था। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी, पूर्व मंत्री राजेश मूणत और पूर्व विधायक अमित जोगी पर आरोप लगाए थे। मंतूराम की मांग रही है कि यह सब भी मामले में वॉईस सैंपल दें। साथ ही खुद का वाईस सैंपल देने मंतूराम आए थे लेकिन डायरी कोर्ट नहीं पहुंचने के कारण उनका वाईस सैंपल नहीं लिया जा सका।

### कमल हासन भाषा के लिए जलीकट्टू से ...

से खत्म नहीं कर सकता। मक्कल नीधि मय्यम (एमएनएम) नेता हासन ने इसे लेकर एक वीडियो भी जारी किया। वे अशोक स्तंभ और प्रस्तावना के बगल में खड़े होकर कह रहे हैं कि भाषा को लेकर एक और आंदोलन होगा, जो तमिलनाडु में जल्लीकट्टू विरोध प्रदर्शन की तुलना में बहुत बड़ा होगा। हम सभी भाषाओं का सम्मान करते हैं, लेकिन तमिल हमेशा हमारी मातृभाषा रहेगी।

### भूपेश का दंतेवाड़ा में डेरा, भाषणों में ...

हम हर पंचायत से कर रहे हैं. पिछली सरकार में 2 मंत्री थे, केदार कश्यप और महेश गागड़ा लेकिन हमने बस्तर विकास प्रॉधिकरण में कवासी लखमा, लखेश्वर बघेल, विक्रम मंडावी, संतराम नेताम व कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम को रखा है। भूपेश बघेल ने कहा कि मंगलवार को रमन सिंह वोट मांगने आयेंगे, उनसे पूछिये कि अडानी को नंदराज पहाड़ किसने दिया, दंतवाड़ा चुनाव प्रभारी शिवरतन शर्मा से पूछना अडानी के नाम से बोलती इनकी बन्द हो जाती है। हम बस्तर में नमक, चना, गुड़ सब देंगे। जाति प्रमाण पत्र जन्म लेते ही हम बनाने को बोले है. दंतेवाड़ा से मेरी भावनाएं जुड़ी है। दंतेश्वरी माई के द्वार से मैं खड़े होकर कह रहा हूँ, विकास में कोई कमी हम नहीं आने देंगे। आप कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन दीजिए।

**भाजपा से सीधी टक्कर-** कांग्रेस की सीधी टक्कर दंतेवाड़ा उपचुनाव में दिवंगत भीमा मंडावी की पत्नी ओजस्वी मंडावी से है. जिसे भाजपा ने दंतेवाड़ा के रण में उतारा है. दोनों ही दलों के स्टार प्रचार अपनी ताकत झोंक रहे हैं, क्योंकि 21 सितम्बर की शाम चुनाव प्रचार का शोर थम जायेगा, और 23 सितंबर को मतदान होगी, 27 को परिणाम भी घोषित हो जायेगा।

### 82 प्रतिशत आरक्षण के विरोध ...

उसने आरक्षण को 50 प्रतिशत से ज्यादा नही देने की व्यवस्था दी थी। कुणाल शुक्ला ने इस प्रतिनिधि से कहा कि याचिका में हमने जो तर्क दिए हैं, उसके मुताबिक आरक्षण देने के पहले कोई जातीय सर्वे नहीं किया गया. सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा साहनी विरुद्ध केंद्र सरकार सहित, मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र,हरियाणा, राज्यों के हाईकोर्ट के निर्णयों को भी याचिका का आधार बनाया गया. सामान्य वर्ग के बच्चों को भविष्य में शासकीय सेवा तथा शिक्षा से वंचित होना पड़ेगा। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कोटा, भूतपूर्व सैनिक कोटा,विकलांग कोटा,महिला कोटा इत्यादि भी जोड़ दिया जाय तो प्रदेश में आरक्षण की दर 90 प्रतिशत से अधिक हो जाती है। उन्होंने कहा कि छग की राज्यपाल को प्रदेश में संविधान तथा सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों का पालन करने हेतु पहले ज्ञापन सौंपा गया उसके बाद याचिका लगाई गई।

### रायपुर समेत मुंबई, चेन्नई समेत ...

रेलवे प्रबंधन ने किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति अथवा वस्तु दिखने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 112 पर इसकी जानकारी देने की अपील की है।
वहीं जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी देश के तमाम बड़े रेलवे स्टेशनों और मंदिरों को निशाना बना सकते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हरियाणा के रोहतक स्टेशन के अधिकारियों को शनिवार को एक धमकीभरा पत्र मिला, जिसमें हमले की धमकी दी गई। बताया जा रहा है कि इसे पाकिस्तान में बैठे जैश आतंकियों ने भेजा है। पत्र में रोहतक, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु स्टेशन समेत कई जगहों पर धमाके करने की बात लिखी है। इसके बाद रेलवे ने देशभर में स्टेशनों की सुरक्षा कड़ी कर दी है। रेल अधिकारियों को मिला धमकीभरा पत्र साधारण डाक से भेजा गया। इस पर जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर के हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं। इसमें 8 अक्टूबर को स्टेशन और मंदिरों पर हमले कर आतंकियों की मौत का बदला लेने की बात कही गई है। पिछले गुरुवार को ही पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के कठुआ में जैश के तीन आतंकियों को हथियारों और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों कश्मारी आतंकी ट्रक में सवार होकर पंजाब के अमृतसर से घाटी जा रहे थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मनाया कुपोषण सप्ताह

**कोरबा।** अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा कुपोषण सप्ताह मनाया गया । कार्यक्रम के दौरान कुपोषण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./यां) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

### मेनुअल निविदा सूचना

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, वि./यां, मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य हेतु मेनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | निविदा आमंत्रण का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 56<br>13.09.2019 | Operation & Preventive maintenance contract of centralized Air Conditioning system (5x350 TR) installed at New High Court, bilaspur (C.G.) (Including Annexure A, B, C & D)<br><br>2nd CALL | 75.45 | 24.09.2019 | Manual Tender from OEM only |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट WWW.cgstate.gov.in में देखे जा सकते है।

G- 73319/4

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि. (वि/यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, (वि./यां.) मंडल, बिलासपुर (छ.ग.)

### ई- प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

**Portal : http://eproc.cgstate.gov.in**

प्रथम आमंत्रण

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, वि./यां. मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-
निविदा सूचना आमंत्रण दिनांक 12/09/2019
निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 26/09/2019

| क्र. | नि.आ.सू.क्र. एवं दिनांक | कार्य का नाम | लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 51 | Providing E/f to Govt. H.S. School Building at Ramanujganj, Distt. Balrampur | 7.34 |
| 2 | 52 | Providing Expected Budget/Deposit/S.R/MOW&AR E/f Work in Section No.-1 Under High Court Sub Division, Bilaspur | 30.00 |
| 3 | 53 | Annual E/f Repairing work in NRB Hq. under E/M Sub Division Mungeli Distt. Mungeli | 24.00 |
| 4 | 54 | Annual Electrical Repairing work in Distt. Hq. under E/M Sub Division Mungeli Distt. Mungeli | 21.00 |
| 5 | 55 | Annual Electrical Repairing work in Rest House & Circuit House under E/M Sub Division Mungeli Distt. Mungeli | 21.00 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

G-73318/4

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., (वि./यां.) मण्डल
बिलासपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बलौदाबाजार

जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Tel. No. 07727-223138 E-mail : cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

-ईश्तहार-

क्रमांक/856/नामांतरण/न.पा.प./2019 बलौदाबाजार, दिनांक 13.09.2019

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार क्षेत्र के आधिपत्य अधिकार के अंतर्गत मासिक किरायादार/पट्टादार के नाम पर दर्ज निम्नलिखित नीचे दर्शित हस्तांतरणकर्ता के सहमति पर हस्तांतरित किये जाने एवं संशोधन कर अभिलेख के नाम दर्ज किये जाने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम व पता | हस्तांतरित का नाम व पता | दुकान | हस्तांतरण का स्वरूप |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री प्रदीप माहेश्वरी पिता स्व. श्री प्रेमचन्द माहेश्वरी, निवासी बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | श्री दिलीप माहेश्वरी पिता स्व. श्री प्रेमचन्द माहेश्वरी, निवासी-बलौदाबाजार, तहसील-बलौदाबाजार, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) | दुकान क्रमांक 45 | पारिवारिक |

अतः उक्त नामांतरण के संबंध में हितबद्ध व्यक्ति, व्यक्ति समूह अथवा संस्था जिन्हें प्राप्त हो अथवा किसी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो वे अपनी आपत्ति या दावा सूचना प्रकाशन के 30 दिन के अंदर लिखित में अपने पक्ष के समर्थन में दस्तावेज अभिलेख/प्रमाणित सत्यप्रतिलिपि को संलग्न करते हुए एवं ऐसे अन्य प्रमाण जिन्हें वे अपने आपत्ति या दावा को प्रमाणित करने के लिए प्रस्तुत करना पर्याप्त एवं उचित समझे प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते है। 30 दिन या उसके बाद लगातार अवकाश दिवस कार्यालय के लिए घोषित हो तो उसके पश्चातवर्ती कार्यालयीन दिवस को ऐसे लिखित आपत्ति या दावा प्रस्तुत किया जा सकता है, किन्तु अपूर्ण अथवा अस्पष्ट या तथ्य एवं प्रमाण रहित किसी आपत्ति या दावे पर विचार नहीं किया जावेगा। तथा उसके बिना किसी लिखित पूर्व सूचना और बिना सुनवाई के मस्तीबद्ध कर दिया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

## संचालनालय चिकित्सा शिक्षा

पुराना नर्सेस हॉस्टल भवन, दाऊ कल्याण सिंह भवन परिसर, छत्तीसगढ़, रायपुर
दूरभाष क्रमांक 0771-2234450-51 वेबसाईट-www.cgdme.co.in

क्रमांक/9293 संचिशि/नर्सिंग/2019 रायपुर, दिनांक 13.09.2019

### //एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु ऑन लाईन आवेदन सूचना//

शैक्षणिक सत्र 2019 के लिये, प्रदेश के शासकीय एवं निजी नर्सिंग महाविद्यालयों में संचालित एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (MSc. Nursing), में प्रवेश हेतु व्यापम् द्वारा प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसके परिणाम भी घोषित हो चुके हैं। जिसकी प्राप्तांक की प्रावीण्यतानुसार आबंटन किया जायेगा।

अतः एम.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (MSc. Nursing) में प्रवेश के इच्छुक व्यापम प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि, प्रवेश हेतु ऑन-लाईन पंजीयन दिनांक 19 सितम्बर, 2019 से प्रारंभ हो रही है।

जिसके तहत ऑन-लाईन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया दिनांक 19 सितम्बर, 2019 संध्या 06.00 बजे से संचालनालय चिकित्सा' शिक्षा के वेब साईट www.cg.dme.co.in में प्रारंभ है।

ऑन-लाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि दिनांक 02 अक्टूबर, 2019 रात्रि 23.59 Hrs तक निर्धारित है।

**नोट :-** प्रवेश नियम एवं अन्य जानकारी हेतु संचालनालय चिकित्सा शिक्षा के वेब साईट www.cgdme.co.in का नियमित अवलोकन करें। ताकि उचित समय पर जानकारी प्राप्त हो।

संचालक चिकित्सा शिक्षा
छत्तीसगढ़

जी-73332/3

## क्विक न्यूज

### शिक्षकों को सिखाई गई संकेतिक भाषा

**लोरमी।** समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में सांकेतिक भाषा के अंतर्गत अंग्रेजी व हिंदी वर्णमाला से संबंधित जानकारी शिक्षकों को दी गई। समावेशी शिक्षा प्रभारी श्रीमती लक्ष्मी चौधरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण में दिव्यांग बच्चों की शिक्षा सांकेतिक भाषा में कैसे हो, इस पर मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का लाभ पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के कुल 36 शिक्षकों को मिला। 11 सितंबर से 14 सितंबर तक चार दिवसीय सांकेतिक भाषा प्रशिक्षण का आयोजन लोरमी में किया गया। प्रशिक्षण की शुरुआत प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोरमी के प्राचार्य राजेन्द्र तिवारी के द्वारा अपने उद्बोधन के साथ किया गया। जिला स्तरीय अधिकारी एपीसी अशोक कश्यप ने प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराते हुए दिव्यांग छात्रों के पालकों तक हर जानकारी पहुंचाने की बात कही।

### हिंदी दिवस पर तारापुर विद्यालय में गोष्ठी

**रायगढ़।** हिंदी दिवस के अवसर पर 14 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर में विशेष गोष्ठी का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को राष्ट्रभाषा हिंदी और हिंदी दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल ने बताया कि हमारे संविधान में हिंदी को राजभाषा एवं कार्यालयीन कामकाज की भाषा के रूप मान्यता के साथ अंग्रेजी को इसके सहयोगी के रूप में मान्यता दी गई, लेकिन आज अंग्रेजी हिंदी पर हावी होते जा रही है। 14 सितंबर 1949 को हिंदी भाषा को राजभाषा के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। इसलिए हम 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाते हैं। इस अवसर पर हिंदी के वरिष्ठ व्याख्याता मनोहर लाल चौधरी ने हिंदी को भारत वर्ष में सबसे अधिक बोली और समझी जाने वाली भाषा बताते हुए हिंदी की उपयोगिता के बारे में भी छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन दिया।

## गजराज के आतंक से थर्राया जशपुर जिला पत्थलगांव

### कुनकुरी में विचरण कर रहा 20 हाथियों का समूह

- जान, माल की रखवाली के लिए रतजगा कर रहे ग्रामीण किसान, अलर्ट पर जीवन

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com





गजराज के आतंक से प्रदेश के कई जिले प्रभावित हैं जिसमें प्रमुख रूप से सबसे अधिक रायगढ़, कोरबा और जशपुर जिला प्रभावित है। इन दिनों जशपुर जिले के पत्थलगांव और कुनकुरी विकासखंड के दर्जनों गांव के ग्रामीणों की जान सकते में है कि किस वक्त और किधर से गजराज आ धमके और उन्हें जान बचाना मुश्किल हो जाए। पत्थलगांव और कुनकुरी में लगभग 20 हाथियों का दल घूम-घूम कर आतंक मचा रहा है। इस वर्ष पत्थलगांव और कुनकुरी क्षेत्र में आधा दर्जन लोगों की मौत हाथी के चपेट में आने से हो चुकी है। कुनकुरी विकासखंड क्षेत्र में हाथियों का दल कभी बादलखोल अभ्यारण्य तो कभी कुनकुरी परिक्षेत्र में विचरण कर रहा है।कई गांवों में घुस कर फसलों को आए दिन नुकसान पहुंचा रहा है, अभी माह भर से डेरा जमाए हुए हाथियों का समूह कुनकुरी रेंज के अंतर्गत बनकोम्बो में शाम होते ही जंगलों से निकल कर सीधे खेतों में उतर कर फसलों को बर्बाद कर रहा है दर्जनों किसानों के मक्का और धान की फसल को अब तक दर्जनों एकड़ बर्बाद कर दिया है। वन विभाग हाथियों के रोकथाम के लिए कोई उपाय नहीं कर रहा है, कुछ साल पहले किसानों को टार्च ओर मसाल की व्यवस्था वन विभाग द्वारा कराया गया था और किसान अपनी फसल को बचा लिया करते थे पर गत दो वर्ष से वन विभाग के द्वारा न तो टार्च दिया जा रहा है और न ही मसाल। किसान अपनी व्यवस्था करके रात भर जाग कर किसी तरह खड़ी फसल को बचाने में लगे हैं।

**वन विभाग की लापरवाही**

वन विभाग के कई कर्मचारी अपने मुख्यालय में नहीं रहते है। विभाग के द्वारा लाखों की लागत से वन कर्मचारियों का निवास बनाया गया है लेकिन शहरों का सुख प्राप्त करने के लिए गांव में बने निवास पर न रहकर या तो जिला में रहते हैं या ब्लाक में 20 से 60 किमी दूरी तय कर अपने कार्य क्षेत्र में सुबह 8 बजे पहुंचते और शाम 3 बजे बस या अपने साधन से मुख्यालय छोड़ वापस चले जाते हैं, जबकि हाथियों का समूह रात को ही गांव में प्रवेश करता है उस समय नाकेदार एवं अन्य कर्मचारी कुनकुरी जशपुर में सोते रहते है, न तो जनता से इनका मतलब होता है और न ही कोई सामंजस्य होता है।

बनकोम्बो में 11 सितम्बर को विधायक यूडी मिंज को एक कार्यक्रम में वहां की जनता ने हाथी समस्या से अवगत कराया,विधायक के द्वारा तत्काल मोबाईल से डीएफओ को कहा कि आपके कर्मचारी मुख्यालय में नहीं रहते हैं उन्हे मुख्यालय में रहने का निर्देश देवें, उसके बाद भी बनकोम्बो के नाकेदार जामचुंवा में न रहकर कुनकुरी में निवासरत है।

**यहां है जबरदस्त आतंक**

हाथियों का समूह अलग अलग दलों में बंट कर एक रात में कई गांवों में घुसकर फसलों को कर रहा बर्बाद। बादलखोल अभ्यारण्य के अंतर्गत नारायणपुर, चारभाटी, टांगरटोली, बरडांड, सेन्द्रिमुंडा, रमसमा, साहीडांड बच्छरांव, कलिया, गायलूंगा, एवम कुनकुरी रेंज में बनकोम्बो, घटमुण्डा, कुडुकेला, मटासी, जामचुंवा, पुटुकेला, रानीकोम्बो, इन जगहों पर हाथियों के द्वारा नुकसान पहुंचाया जा चुका है।

**पत्थलगांव में हाथियों आतंक**

शनिवार को वन मण्डल कापू से सुबह 4 बजे 11 हाथियों का दल पत्थलगांव से 7 किलोमीटर की दूरी पे स्थित ग्राम ठाकुरपोड़ी के कक्ष क्रमांक पी 991 में पहुंचा जिसकी सूचना पत्थलगांव वन मण्डल के अधिकारियों को भी मिली एवं आस-पास के गांव वालों को एहतियात के तौर पर सतर्क करते हुए अपने फारेस्ट की टीम को हाथियों पे नजर रखने कहा जिसमे पत्थलगांव के एसडीओ के साथ सभी स्टाफ लगे हुए है।

## पीएम आवास के आवेदनों का निराकरण शासन की प्राथमिकता- सिंह

- शिविर में 13 आवेदनों का हुआ निराकरण

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर जनक प्रसाद पाठक के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों के शहरी क्षेत्रों में लंबित पड़े प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदनों के निराकरण हेतु शिविर लगाए जा रहे हैं, इसी श्रृंखला में 16 सितंबर को नगर पालिका सक्ती के सभागार में ऐसा ही एक शिविर नगर पालिका क्षेत्र सक्ती के लंबित पड़े आवास योजना के आवेदनों को लेकर लगाया गया, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डॉ. सुभाष सिंह राज, सक्ती तहसीलदार बी.एक्का, नायब तहसीलदार भोज कुमार डेहरिया, एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी सी.के. श्रीवास्तव तथा सहायक अभियंता एम. एल. पटेल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, शिविर के दौरान करीब 47 प्रधानमंत्री आवास योजना के सक्ती क्षेत्र के हितग्राहियों ने अपने आवेदन लंबित होने की जानकारी तथा निराकरण करने हेतु आग्रह किया, जिस पर मौके पर उपस्थित राजस्व विभाग के अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों के आवेदनों की जांच करते हुए करीब 13 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, एवं एक आवेदन पात्रता में नहीं होने के कारण निरस्त किया गया, तथा कुल 47 आवेदन शिविर में प्राप्त हुए तथा इस दौरान राजस्व विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को शासन द्वारा निर्धारित औपचारिकताएं पूरी करने में आ रही दिक्कतों को देखते हुए उनकी समस्याओं का निराकरण किया तथा इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुभाष सिंह ने कहा कि शासन की पहली प्राथमिकता लोगों को आवास योजना के अंतर्गत इसका लाभ दिलाना है, तथा विगत कई माह से प्रधानमंत्री आवास योजना में शहरी क्षेत्रों में हितग्राहियों तथा प्रशासन के बीच तकनीकी कारणों को लेकर समस्याएं आ रही थी, तथा इन्हीं समस्याओं के निराकरण हेतु आज यह शिविर आयोजित किया गया है जिसमें सभी हितग्राहियों को नगर पालिका द्वारा पूर्व में ही सूचना दी गई थी, तथा इस शिविर के माध्यम से लोगों को औपचारिकताएं पूरी करने में आ रही दिक्कतों का मौके पर ही निराकरण किया है, एसडीएम श्री राज ने कहा कि शासन द्वारा सदैव जनता के हित में एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके, इस हेतु प्रयास किए जाते हैं किंतु इसके बावजूद कुछ कारणों से कमियां रह जाती हैं जिन्हें ऐसे शिविरों के आयोजन से लोगों के बीच निराकरण किया जाता है,शिविर में आज सुबह से ही प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों की भीड़ उमड़ पड़ी तथा काफी संख्या में लोग आवास योजना का लाभ लेने हेतु पहुंचे तथा नगरपालिका सक्ती के सभागार में आयोजित शिविर में एसडीएम डॉ. सुभाष सिंह राज, सक्ती तहसीलदार श्रीमती बी.एक्का, नायब तहसीलदार भोज कुमार डेहरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सी. के. श्रीवास्तव, सहायक अभियंता नगर पालिका एम.एल. पटेल, राजस्व निरीक्षक प्रदीप बंजारे, सक्ती के पटवारी भूपेंद्र बरेठ, नंदेली के पटवारी शैलेश कुमार, सोंठी के पटवारी मिथिलेश वर्मा, सहित नगरपालिका सक्ती के सहायक ग्रेड 3 शयन शुक्ला सहित राजस्व विभाग, तहसील विभाग एवं नगरपालिका सक्ती के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## केशरवानी नगर सभा के अध्यक्ष बने मनोज

### धूमधाम से मनी महर्षि कश्यप की जयंती



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ केशरवानी वैश्य सभा नगर इकाई लोरमी के द्वारा स्थानीय हरिशोभा वाटिका में महर्षि कश्यप की जयंती समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रतनमणी केशरवानी प्रदेश अध्यक्ष केशरवानी सभा ने दीप प्रज्वलित कर किया तत्पश्चात महिला सभा तरूण सभा का गठन कर शपथ ग्रहण सभी पदाधिकारियों को कराया गया कायक्रम को संबोधित करते हुये तरूण सभा के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश केशरवानी ने समाज के युवावर्ग को प्रेरित करते हुये सामाजिक कार्य में सामंजस्य बनाते हुये कार्य करते रहने की बात कही राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री जया गुप्ता ने समाज मे नारी शक्तिकरण को बढ़ावा देते हुये प्रेरित किया। रतनमणी केशरवानी ने बताया नगर के केशरवानी समाज अपने कार्य एवं व्यवहार में अलग पहचान रखते है प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद लोरमी केशरवानी नगर इकाई को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल रही है।

## प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री का आज कोण्डागांव प्रवास

- जिला स्तरीय कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन कार्यशाला में करेंगी शिरकत

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

17 सितम्बर को प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया कोण्डागांव जिले के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान स्थानीय चैपाटी ग्राउण्ड में जिला स्तरीय कुपोषण एवं एनीमिया उन्मूलन कार्यशाला सह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में



महिला बाल विकास मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री सुपोषण मिशन अंतर्गत जनसहभागिता, जागरुकता एवं सुपोषण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक विशाल रैली की अगुवाई भी की जायेगी। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्र के विधायक मोहन मरकाम द्वारा किया जायेगा। इस संबंध में जिला कलेक्टर नीलकंठ टीकाम ने नागरिको से अपील किया है कि उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर कुपोषण के प्रति एक जन आंदोलन की शुरुवात करें। उल्लेखनीय है कि उक्त कार्यशाला में जिला एवं जनपद स्तरीय, जनप्रतिनिधि, सर्व समाज प्रमुख मांझी, चालकी, गायता, पटेल, पुजारी एवं वैद्यराज भी शामिल होंगे।

## कांग्रेसियों ने रमन और अजीत जोगी का पुतला फूंका

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज/अंतागढ़
www.dailypioneer.com



विधानसभा उपचुनाव टेपकांड मामले ने तूल पकड़ लिया है। मंतूराम पवार और नागरिक आपूर्ति निगम (नान) भ्रष्टाचार मामले में शिवशंकर भट्ट के बयान के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आह्वान पर जिलाध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता के निर्देश पर जिले के राजपुर में कांग्रेसियों ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं अजीत जोगी का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता सुनील सिंह ने कहा की नान घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह और उनके परिजन की भूमिका संदिग्ध है। वहीं मंतूराम के प्रकरण में अजीत जोगी की भूमिका भी प्रजातंत्र के लिए काला धन है। इनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष विजय सिंह,सत्येंद्र पांडेय,राजीव गुप्ता,जितेंद्र गुप्ता,सुरेश सोनी,पूरन जायसवाल,स्वतंत्र, प्रमोद,रवि समेत अन्य मौजूद थे।

## डुमरहा गांव को खपरीकला पंचायत से अलग करने की मांग

- ग्रामीणों ने जनपद सीईओ व एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ लोरमी
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खपरीकला के आश्रित ग्राम डुमरहा के ग्रामीणो ने एसडीएम व सीईओ को ज्ञापन सौपकर डुमरहा गांव को खपरीकला पंचायत से अलग कर स्वतंत्र पंचायत बनाने की मांग की है मांग पत्र में बताया गया है कि शासन के नियमानुसार डुमरहा गांव के वोटर एकहजार से अधिक यानि 1104 है और जनसंख्या भी अधिक है ग्रामीणो ने बताया कि पिछले पंचवर्षीय में परिसीमन के तहत डुमरहा को अलग पंचायत करना था लेकिन नही किया गया और छोटे छोटे गांव को स्वतंत्र पंचायत बना दिया गया इधर खपरीकला का आश्रित ग्राम होने के चलते डुमरहा विकास के लिये बाट जोह रहा है सड़क बिजली पानी सहित अनेको समस्या है जिसके निराकरण के लिये शासन प्रशासन सहित पंचायत द्वारा भी ध्यान नही दिया जाता इस बात को लेकर अभी हाल ही में हुये लोकसभा चुनाव में गांव में विकास नही होने को लेकर ग्रामीणो ने मतदान का बहिष्कार कर दिया था तब अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया था कि विकास कार्य गांव में कराये जायेंगे साथ ही ग्रामीणो ने यह भी मांग किया था कि डुमरहा गांव को खपरीकला पंचायत से अलग कर स्वतंत्र पंचायत बनाया जाये इसी तारतम्य में ग्रामीणो ने एक बार फिर अलग पंचायत की मांग को लेकर एसडीएम व सीईओ को ज्ञापन सौपा है।

### युवक कांग्रेस की बैठक में कई विषयों पर हुई चर्चा

**लोरमी।** युवक कांग्रेस प्रदेश सचिव व मुंगेली जिला युवक कांग्रेस प्रभारी अमितेश राय की उपस्थिति में युवक कांग्रेस की बैठक आयोजित की गयी जिसमें युवक कांग्रेस मे हो रहे गतिविधी एवं आगामी कार्यो को लेकर विचार विमर्श किया गया इस अवसर पर युवक कांग्रेस लोरमी विधानसभा अध्यक्ष प्रकाश वैष्णव मुंगेली अध्यक्ष राजेश छेदईया जिला महासचिव आदित्य वैष्णव, रामनिहोरा कश्यप, संदीप वैष्णव, शशांक वैष्णव, आकाश वैष्णव, पूरन सेन सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र नवागांव में मनाया जन्मदिन

- युवा कांग्रेस के लोग भारी संख्या में रहे मौजूद

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कोंडागांव युवा कांग्रेस ने नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र नवागांव(मर्दापाल) में हवन पुजन कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम जी के दीर्घायु व मंगलजीवन की प्रार्थना किया व उज्वल राजनीतिक भविष्य का कामना किया नारायणपुर विधान सभा क्षेत्र के विधायक चंदन कश्यप जी के



नेतृत्व में खिचड़ी का भोग लगाकर उपस्थित ग्रामीणों में स्वयं खिचड़ी वितरण कर जन्मदिन मनाया सभा का आयोजन कर हुए आम जनता से रूबरू सुनी लोगों की समस्याएं। नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक चंदन कश्यप जी के मौजूदगी में क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण मर्दापाल ब्लॉक् अध्यक्ष रामब्रिज ठाकुर,रामनाथ नाग,राजू साहू,गजेंद्र पोयाम,अनूप मंडावी,विधायक प्रतिनिधि सालिक बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्री मति जयंती कश्यप,जनपद उपाध्यक्ष श्रीमति रेशमा दीवान के साथ युवा कांग्रेस कोंडागांव अध्यक्ष विशाल शर्मा जी,युकां नेता रितेश पटेल,युकां नारायणपुर विधानसभा अध्यक्ष देवेंद्र कोर्राम,उपाध्यक्ष अरुण सेठिया,नंदू दीवान,लोकमन ठाकुर,आनंद यादव,श्याम लाल,सालिक नेताम ,स्थानीय सरपंच नवागांव जगत सोढ़ी जी के साथ भारी संख्या में क्षेत्रवासी ग्रामीण जनों के साथ युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जनपद अध्यक्ष ने राशनकार्ड का किया वितरण

**लोरमी।** जनपद पंचायत लोरमी के ग्राम पंचायत रामहेपुर जे में राशन वितरण कार्य म का आयोजन किया गया जहां जनपद अध्यक्ष श्रीमती वर्षा सिंह उपस्थित हुयी उनके करकमलों से पीडीएस हितग्राहियों को नवीन राशनकार्ड का वितरण किया गया इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने कहा कि हाल ही में एपीएल राशनकार्ड के लिये आवेदन किया जा रहा है ऐसे हितग्राही जो एपीएल की श्रेणी मे आते है अनिवार्य रूप से एपीएल राशनकार्ड के लिये आवेदन लगाये। श्रीमती सिंह ने पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि पंचायत में निवासरत ग्रामीणो के हीत में अनिवार्य रूप से पंचायत मुख्यालय में बैठे जिससे ग्रामीणो की समस्याओं का समाधान हो सके।

### फुटबॉल प्रतियोगिता में क्षेत्र के 40 टीमों ने लिया भाग

## खिलाड़ियों में लंबे समय तक खेल भावना के प्रति बनी रहे रूचि : टीएस

पायनियर संवाददाता ◄ रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

कैबिनेट मंत्री टी.एस.सिंहदेव जिले के विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम कमारी में स्व.एम.एस.सिंहदेव के स्मृति में आयोजित पदकंदुक फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुये। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 40 टीमों ने भाग लिया। फाईनल मैच ग्राम सरगवां एवं घुघरी के बीच खेला गया, जिसमें ग्राम घुघरी की टीम विजेता एवं सरगवां की टीम उप विजेता रही। फाईनल प्रतियोगिता के पूर्व महिला जुनियर एवं सीनियर वर्ग के बीच मैच खेला गया,जिसमें जुनियर वर्ग विजेता एवं सीनियर वर्ग उप विजेता रही।

समापन समारोह के अवसर पर श्री सिंहदेव ने विजेता,उप विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता



लम्बे समय तक चलते रहना चाहिए,जिससे क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल भावना के प्रति रूचि बनी रहे। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं को मौका देने पर राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय खेल फुटबॉल,कबड्डी जैसे अनेक प्रतियोगिताओं में हमारी महिलाएं आगे आ रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा खेल प्राधिकरण बनाने का निर्णय लिया गया है। श्री सिंहदेव ने स्थानीय नागरिकों की मांग पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमारी में शाला भवन बनाने,खेल हेतु मिनी स्टेडियम तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कमारी को उन्नयन करने की घोषणा की। वहीं हितग्राहियों को नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण किया। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं खाद्य विभाग के अधिकारी को नवीनीकृत राशन कार्ड का वितरण शीघ्र पात्र हितग्राही को करने के निर्देश दिये।

**-मैं खुद दूंगा डॉ.रमन सिंह को कॉर्ड**

इस महत्वकांक्षी योजना के तहत एपीएल परिवारों का भी राशन कार्ड बनेगा। मंत्री सिंहदेव ने कहा कि राज्य सरकार की यूनिवर्सल पीडीएस सिस्टम के तहत हर आम व खास का राशन कार्ड बनेगा। और मैं खुद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह का कार्ड लेकर वे खुद देने जाऊंगा। अतिथियो द्वारा पुरुष वर्ग के विजेता टीम को शील्ड,25 हजार रूपये नगद एवं गणवेश तथा उप विजेता टीम को शील्ड, 15 हजार रूपये नगद एवं गणवेश का वितरण तथा महिला वर्ग के दोनों टीमों को शील्ड एवं गणवेश दिया गया। इस अवसर पर विधायको में चिंतामणी महराज,डॉ.प्रीतम राम,कलेक्टर संजीव कुमार झा,जिला पंचायत सीईओ हरीष एस.,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद गुप्ता,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षो में राजेन्द्र तिवारी,हरीष मिश्रा,आयोजन समिति के संरक्षक के.पी.सिंहदेव,अध्यक्ष महेश पैकरा, उपाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल,हीरालाल यादव,कोषाध्यक्ष रामसुन्दर सिंह,आयोजन समिति के सदस्य,गणमान्य नागरिक सहित भारी संख्या में दर्शकगण उपस्थित थे।

### सीएम के पद का कोई मैच नहीं, यह निर्णय हाईकमान का : सिंहदेव

प्रदेश के पंचायत एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंहदेव ने कहा कि कौन मुख्यमंत्री एवं मंत्री कितने समय तक रहता है,यह पार्टी हाईकमान तय करती है। यह पार्टी के अंदर की बात है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह द्वारा कांग्रेस में सीएम के पद के लिए भूपेश बघेल एवं टी.एस.सिंहदेव के बीच मैच के बयान को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे सवालों का जवाब दिया,कहा कि यह पार्टी तय करती है। श्री सिंहदेव ने कांग्रेस विधायक बृहस्पति सिंह द्वारा भाजपा से जुड़े अधिकारियों को उच्चपदों पर आसीन करने को लेकर लगाए गए आरोपों के बारे में कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी सीधे तौर पर किसी पार्टी का नहीं होता,वह सरकार का होता है। उन्होंने रेणुका के बयान को लेकर कहा कि ऐसा कोई मैच कांग्रेस में नहीं है। कोई भी व्यक्ति आजीवन मुख्यमंत्री नहीं रहता। कौन कब तक मुख्यमंत्री,मंत्री रहेगा,यह पार्टी हाईकमान तय करती है। यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। रामानुजगंज विधायक बृहस्पति सिंह के आरोप पर टी.एस.सिंह देव ने कहा कि कोई भी अधिकारी-कर्मचारी सीधे तौर पर किसी पार्टी का सदस्य नहीं होता। किसी की विचारधारा हो सकती है। कांग्रेस के सोच वाले आईएएस,आईपीएस,इंजीनियरिंग एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी या अन्य विभागों के अधिकारी पिछले 15 वर्षों के भाजपा शासनकाल में उच्च पदों पर आसीन रहे। ऐसी संकीर्ण विचारधारा अनुचित है।


देश के लोकप्रिय नेता
जन नायक प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
को जन्मदिवस की
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
डमरुधर पुजारी जी
विधायक, बिन्द्रानवागढ़
भागीरथी मांझी जी
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अनुसुचित जाति मोर्चा
मो.अख्तर मेमन
जिलाध्यक्ष
नमो सेना, गरियाबंद
गुरुनारायण तिवारी
संतोष दुबे
भाजपा नेता
विनीतः मो. अख्तर मेमन, जिलाध्यक्ष नमो सेना, गरियाबंद

# यूथ से मिलिए : जो मिसाल नहीं बनना चाहती पर जरुरतमंदों की मददगार बनना चाहती है

**दिग्विजय महाविद्यालय में अध्ययनरत अंशुका बहेकर ने भी छात्रसंघ की राजनीति से सार्वजनिक जीवन का आगाज किया**

पायनियर संवाददाता ✓ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

एक छात्र के लिए महाविद्यालय में दाखिले के बाद न सिर्फ शिक्षा की नई व्यवस्था शुरु होती है बल्कि यहां से उसे जिम्मेदारियों, समझ की नई सीख मिलना शुरु होती है। ये दौर होता है जब बच्चे अपने भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेते हैं या ले चुके होते हैं। यहीं से राजनीति भी शुरु होती है। छात्रसंघ की राजनीति से शुरुआत करने वाले ऐसे कई नाम हैं जिन्हें देश आज कद्दावर नेताओं के तौर पर जानता है, याद करता है।

राजनांदगांव शहर स्थित शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में अध्ययनरत अंशुका बहेकर ने भी छात्रसंघ की राजनीति से सार्वजनिक जीवन का आगाज किया। दरअसल इसका कारण राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखना भी था। लेकिन उन्हें पायनियर की पहल यूथ से मिलिए का हिस्सा इसलिए बनाया जा रहा है क्यूंकि उन्होंने राजनीतिक परिदृश्य में अपनी दूसरी ही तरह की भूमिका के चलते जगह बनाई है। एम.कॉम की छात्रा अंशुका अपने ग्रेजुएशन के दौरान ही छात्र राजनीतिक? दल से जुड़ीं। वे इसमें लगातार सक्रिय हैं।

अंशुका के पिता दो वर्ष पहले की गुजर चुके हैं। वे एकाउंटेंट थे। अंशुका के बड़े पिता बसंत बहेकर राजनीति से ताल्लुक रखते हैं। वे पार्षद भी रहे हैं। ऐसे में घर में राजनीतिक विचारधार विकसित होनी ही थी और अंशुका भी उसका हिस्सा बन गई। बहरहाल, अंशुका ने अपनी अलग ही जगह बनाई है। अंशुका कहती हैं, आज के वक्त में राजनीति करना या सार्वजनिक जीवन की जिम्मेदारियां उठाना भी जरुरी हैं। वे कहती हैं कि इससे लोगों के बीच बोलने, खड़े होने की क्षमता विकसित होती है।




इसके अलावा भी यहां जरुरी मुद्दों को लेकर समझ बढ़ती है। वे कहती हैं कि शायद ही कोई ऐसा होगा जो जरुरतमंदों की मदद नहीं करना चाहता होगा। इसके लिए आप कोई भी माध्यम चुन सकते हैं। मैने इसके लिए राजनीति को चुना है।

महज 21 साल की उम्र में अंशुका एक राजनीतिक दल की महिला विंग का सोशल मीडिया हैंडल संभाल रही हैं। उन्हें यह जिम्मेदारी उनकी समझ और लिखने की क्षमता के बूते मिली है। अंशुका कहती हैं, मैं राजनीति में कहां तक जाऊंगी ये मुझे नहीं पता लेकिन इससे हासिल होने वाला अनुभव मेरे लिए ताउम्र एक बड़ी उपलब्धि होगी।

वे कहती हैं, मैं पुलिस में जाना चाहती थी पर आप ज़िंदगी में आप क्या बनेंगे ये आप नहीं परिस्थितियां तय करती हैं। आज मैं कॉमर्स की पढ़ाई कर रहीं हूं, लेकिन मैंने भी ये नहीं सोचा था। वे कहती हैं, मैं मिसाल बन जाऊं ये तो नहीं कहूंगी लेकिन जरुरतमंदों की मददगार जरुर बनना चाहूंगी।

# अंतागढ़ कांड व नान मामले में कांग्रेस का प्रदर्शन

**रमन सिंह व अजीत जोगी का पुतला फूंका**

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



रविवार को नगर में कांग्रेस ने प्रदेश के दो पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह एवं अजीत जोगी का पुतलादहन किया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इन दिनों अंतागढ़ टेपकांड व कथित लेनदेन के मामले सहित तथाकथित नान घोटाले का मामला चरम पर है। प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस ने पीसीसी अध्यक्ष के आव्हान पर दोनो पुर्व मुख्यमंत्रियों के खिलाफ सड़क पर उतरते हुए जमकर प्रदर्शन कर पुतलादहन किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के आव्हान पर प्रदर्शन एवं पुतलादहन को लेकर अंतागढ़ उपचुनाव में लोकतंत्र की हत्या में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह और अजीत जोगी का नाम आने एवं नान घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह की संलिप्तता का हवाला दिया है। कांग्रेस की विज्ञप्ति मुताबिक जिलाध्यक्ष नवाज खान के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस के अगुवाई में दोनो पूर्व मुख्यमंत्रियों का पुराने बस स्टैंड परिसर में अपरान्ह 4 बजे पुलिसबल की मौजूदगी में पुतलादहन हुआ।

पुतलादहन में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बलीराम साहू, प्रदेश सचिव मोहन अय्यर, नपंउपाध्यक्ष वीरेंद्र बोरकर, रिभा साहू, ब्लाक कोषाध्यक्ष सुयश नाहटा, संजय संचेती, किसान कांग्रेस अध्यक्ष रोहित सोनकर, विधायक प्रतिनिधि टिकेश साहू, युकां के नरेंद वर्मा, सोनू साहू, दीपक देवांगन, मयंक यदु, प्रियंक, रितेश, अमित सहित ब्लाक कांग्रेस व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।






# नगर में गणेश विसर्जन झांकी के अद्भूत नजारे

पायनियर संवाददाता ✓ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में रात्रि दरम्यान गणेश विसर्जन की विहंगम झाँकी निकाली गई। नगर के प्रमुख गणेश उत्सव समितियों ने पावरजोन डीजे के मध्य आतिश भरे डाँस के साथ नगर भ्रमण करते हुए मुर्तियों का विसर्जन किया। इस दरम्यान राजनैतिक दलों एवं विभिन्न संगठनों ने झाँकी परंपरा को प्रोत्साहित करने मेनरोड में उँचे स्टॉल लगाकर श्रीगणेशा का स्वागत किया। आयोजन समिति एवं झाँकी के कश्मकश दरम्यान नगर के अनेक राजनैतिक चेहरे सभी मंच में नजर आए। नगर के श्रीराम द्वार चौक में भाजपा समर्थित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वागत पंडाल व मंच बनाया गया था। मंच में वरिष्ठनेता दिनेश गांधी मुख्य अतिथि थे। स्वरूप चंद जैन , रामकिशन माहेश्वरी, अरुण जैन, संतोष यादव, हेमंत चोपड़ा, रामकुमार गुप्ता, नारायण साहू, मनोज हेमनानी, मनीष बोहरा जी, योगेश पटेल, कोमल साहू, गौरव सिंह, गिरिजाशंकर उयके, लक्ष्मीनारायण सेन, नवनीत अहीर, दिग्विजय मिश्रा, जिनेन्द्र वर्मा, प्रेमचंद साहू, आशीष कामड़े, संतोष सोरी, गुलाब पटेल, कैलाश देवांगन, बिट्टू, प्रेम साहू, खोमराज सहित भाजपाई मौजूद थे।

**झांकी के लिए समिति पुरस्कृत**

नगर में गणेश विसर्जन झाँकी प्रतियोगिता अंतर्गत अतिथि के तौर पर नीलू शर्मा पूर्व वेयरहाऊस अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, देशराज जैन, स्वरूपचंद जैन, नीरेंद्र साहू, अरुण जैन, मुन्ना वैष्णव, सरिता ढीमर, अंजू त्रिपाठी, पवन ठाकुर व रोहित गुप्ता व डिकेश साहू मंचस्थ थे। विषर्जन झाँकी में 10 समिति ने हिस्सा लिया। गत वर्ष के प्रदर्शन मुताबिक प्रथम युवा मंडल सिनेमा लाइन को 3100 रुपये (साईं मोटर्स), द्वितीय नवदुर्गा गणेश समिति को 2100 रुपये राकेश सोनी एवं तृतीय बप्पा ग्रुप को 1100 रुपये सहित तीनों को सुषमा प्लास्टिक द्वारा मोमेन्टो प्रदान किया गया। निर्णायक सुश्री दीपमाला टावरी थी।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी वाहन को अस्पताल में घुसने में हो रही परेशानी




**छुरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरिया जहां पर साइकिल स्टैंड पर आसपास के दुकानदारों द्वारा अपनी मोटरसाइकिल छोड़ देते हैं। वहीं मरीजों के इलाज के लिए जाए तो साइकिल मोटरसाइकिल हॉस्पिटल के सामने खड़ा किया जाता है । इसके कारण कोई भी इमरजेंसी वाहन को अस्पताल में घुसने की भी जगह नहीं रहती। काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यहां पर लगातार डायल 112 ,संजीवनी एक्सप्रेस, 108 महतारी एक्सप्रेस 102 की आवाजाही रहती है। इसे लेकर प्रशासनिक मुस्तैदी जरुरी है।











# मंदी को मात देने तैयार... आपकी छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ सरकार ने विगत 9 महीनों में समावेशी विकास के लिए ऐसे अनेक निर्णय लिए हैं, जिनसे समाज के सभी वर्गों को आर्थिक विकास में भागीदार बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। चहुंमुखी विकास के इस छत्तीसगढ़ी मॉडल ने न सिर्फ प्रदेश के विभिन्न वर्गों को राहत और न्याय दिया है बल्कि राष्ट्रव्यापी आर्थिक मंदी के बढ़ते कदमों को मात देने का भी इंतजाम किया है, जिसके परिणाम हैं-






| | | |
|---|---|---|
| श्रमिक भागीदारी दर - | जनवरी से अप्रैल 2018 | - 42.83 प्रतिशत |
| | जनवरी से अप्रैल 2019 | - 42.98 प्रतिशत |
| शिक्षित बेरोजगारी दर - | जनवरी से अप्रैल 2018 | - 16.18 प्रतिशत |
| | जनवरी से अप्रैल 2019 | - 10.90 प्रतिशत |
| संपत्ति क्रय-विक्रय से राजस्व प्राप्ति - | 25 जुलाई से 10 सितम्बर 2018 | - 90 करोड़ रूपए |
| | 25 जुलाई से 10 सितम्बर 2019 | - 152 करोड़ रूपए |
| ऑटोमोबाइल पंजीयन - | राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट | - 19 प्रतिशत |
| | छत्तीसगढ़ में वृद्धि (मार्च 2019) | - 36.75 प्रतिशत |

## आर्थिक विकास का छत्तीसगढ़ी मॉडल



### अर्थव्यवस्था में प्राण फूंकने छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयास

- धान खरीदी - देश में सर्वाधिक 2500 रू. प्रति क्विंटल में सर्वाधिक 80.37 प्रतिशत मी.टन धान खरीदी
- कृषि ऋण माफी - 18 लाख 5 हजार किसानों के 8 हजार 818 करोड़ रू. की ऋण माफी
- सिंचाई कर माफी - 15 वर्षों से लंबित 207 करोड़ रू. का सिंचाई कर माफ
- चार गुना मुआवजा - कृषि भूमि के विकास कार्यों के लिए अधिग्रहण पर मुआवजा 2 से बढ़ाकर 4 गुना
- नरवा, गरवा, घुरवा, बारी योजना - ग्रामीण अर्थ व्यवस्था, ग्रामीण पर्यावरण को नव जीवन
- आदिवासी जमीन वापसी - टाटा के लिए अधिगृहीत जमीन, प्लांट न लगने पर आदिवासी किसानों को वापस
- तेन्दूपत्ता - तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 2500 रू. मानक बोरा से बढ़ाकर 4000 रू., देश में सर्वाधिक
- जमीन खरीदी-बिक्री - 5 डिसमिल से कम भू-खंडों की खरीदी-बिक्री से रोक हटाई
- पंजीयन शुल्क कमी - कलेक्टर गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत तथा 50 प्रतिशत की कमी
- क्रय शक्ति - गरीबों को 35 किलो चावल, छठवें सदस्य से 7 किलो अतिरिक्त, एपीएल को 10 रू. किलो चावल
- शहरी भूमिहीनों को - 1.40 लाख परिवारों को 30 वर्षीय पट्टा
- रोजगार - शासकीय विभागों में हजारों पदों पर भर्ती, आदिवासी बहुल अंचलों में 3 कनिष्ठ सेवा चयन बोर्ड




### औद्योगिक-वाणिज्यिक विकास के नए कदम

- आदिवासी अंचल में 2 फूड पार्कों का शिलान्यास तथा 6 प्रक्रिया में
- गुमास्ता लाइसेन्स के वार्षिक नवीनीकरण की छूट/न्यूनतम श्रमिक सीमा 1 से बढ़ाकर 10
- विद्युत चालित उद्योगों में श्रमिक सीमा 10 से अधिक/गैर विद्युत चलित उद्योगों में 40 करेंगे
- कोर सेक्टर के उद्योगों को प्रतिबंधित सूची से हटाएंगे
- औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन हेतु निर्धारित दरों में 30 प्रतिशत की कमी
- औद्योगिक क्षेत्र में आबंटित भूमि पर लीज रेंट की दर 3 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत
- उद्योगों की स्थापना हेतु क्लीयरेंस समय-सीमा में उपलब्ध कराने प्रभावी सिंगल विंडों सिस्टम
- सभी जिला उद्योग केंद्रों में नए आवेदन लेना शुरू व 'फर्स्ट कम फर्स्ट सर्वे' के आधार पर भूमि आबंटन
- 10 वर्षों से अधिक अवधि से संचालित 2 हेक्टेयर क्षेत्र तक के उद्योगों की भूमि फ्री होल्ड की जाएगी
- औद्योगिक क्षेत्र में संचालित गोदामों का नियमितीकरण होगा
- औद्योगिक भूमि के हस्तांतरण शुल्क में कमी की जाएगी तथा प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाएगा
- आबंटित भूमि के आंशिक हस्तांतरण (सब-लीज) के प्रावधान किये जाएंगे
- उद्योगों के पास उपलब्ध रिक्त भूमि/भूमि आबंटन पश्चात उद्योग लगाने अधिकतम एक वर्ष का अंतिम अवसर, फिर भूमि आबंटन दरों पर वापस लेकर अन्य पात्र उद्यमियों को दी जाएगी

श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ संवाद, आर.ओ.-22687

Visit us: dprcg.gov.in @DPRChhattisgarh @DPRChhattisgarh @ChhattisgarhCMO @ChhattisgarhCMO

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा दबंग दुनिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि. पानी टंकी के पास मोवा रोड, दलदल सिवनी, दुबे कॉलोनी, रायपुर, छत्तीसगढ़ पिन-492001 से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403